दृष्टि The Vision

# डेली क्विज़

(संग्रह)



## अप्रैल
## भाग-1
## 2025


C-171/2, Block-A, Sector-15, Noida

641, Mukherjee Nagar, Opp. Signature View Apartment, New Delhi

21, Pusa Road, Karol Bagh New Delhi

Tashkent Marg, Civil Lines, Prayagraj, Uttar Pradesh

Tonk Road, Vasundhra Colony, Jaipur, Rajasthan

Burlington Arcade Mall, Burlington Chauraha, Vidhan Sabha Marg, Lucknow

12, Main AB Road, Bhawar Kuan, Indore, Madhya Pradesh

E-mail : care@groupdrishti.in

Phone: +91-87501-87501

# प्रश्न

## रक्षा और सुरक्षा

1. **अभ्यास AIKEYME के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. यह भारत और तंज़ानिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक समुद्री अभ्यास है और इसका पहला संस्करण तंज़ानिया के दार-एस-सलाम में आयोजित किया जाएगा।
   2. इस अभ्यास के प्रमुख प्रतिभागियों में कोमोरोस, जिबूती, इरिट्रिया, केन्या और श्रीलंका शामिल हैं।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

## इतिहास

2. **रवींद्रनाथ टैगोर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. वे वर्ष 1913 में अपनी कृति गीतांजलि के लिये साहित्य में नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले गैर-यूरोपीय थे।
   2. उन्होंने वर्ष 1921 में शांतिनिकेतन में विश्वभारती विश्वविद्यालय की स्थापना की, जो 'प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर सीखने' के दर्शन पर आधारित था।
   3. वर्ष 1937 में उन्होंने भारत-बर्मा सभ्यतागत संबंधों और वैश्विक सांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देने के लिये चीन भवन की स्थापना की।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1 और 3
   B. केवल 1 और 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2, और 3

## विज्ञान प्रौद्योगिकी

3. **ट्रांसजेनिक अनुसंधान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. ट्रांसजेनिक अनुसंधान में किसी अन्य प्रजाति से बाह्य डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड अनुक्रमों को शामिल करके जीवों के जीनोम में परिवर्तन करना शामिल है।
   2. कपास एकमात्र ट्रांसजेनिक फसल है जिसकी भारत में व्यावसायिक रूप से कृषि की जाती है।
   3. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (GEAC) ट्रांसजेनिक अनुसंधान के प्रभाव के मूल्यांकन के लिये ज़िम्मेदार है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 1 और 3
   D. 1, 2, और 3

4. **बलूचिस्तान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. बलूचिस्तान की सीमा अफगानिस्तान, ईरान, पंजाब और सिंध तथा अरब सागर से लगती है।
   2. भारत के विभाजन के समय बलूचिस्तान में चार रियासतें थीं, जिनके नाम थे- खारन, मकरान, लास बेला और कलात।

   **उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

5. **निम्नलिखित योजनाओं पर विचार कीजिये:**
   1. संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (ATUFS)
   2. समर्थ योजना
   3. पावर-टेक्स इंडिया

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

**उपर्युक्त में से कितने वस्त्र क्षेत्र से संबंधित हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमे से कोई नहीं

**6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विश्व की सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति है।
2. यह वर्ष 1981 से यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल में शामिल है।
3. यह डुगोंग और ग्रीन टर्टल जैसी लुप्तप्राय प्रजातियों का घर है।

**निम्नलिखित में से कौन सा उपर्युक्त विवरण से सर्वोत्तम रूप से सुमेलित है ?**

A. ग्रेट बैरियर रीफ

B. गैलापागोस द्वीप समूह

C. मन्नार की खाड़ी

D. लाल सागर की प्रवाल भित्तियाँ

**7. फॉल्ट ( भ्रंश ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फॉल्ट (भ्रंश) भू पर्पटी में शैलों के दो ब्लॉकों के बीच एक विभंजन अथवा विभंग क्षेत्र होता है, जिसके कारण ब्लॉकों में एक दूसरे की सापेक्ष गति में संचलन होता है।
2. भूवैज्ञानिक फॉल्ट को उसके ढाल और फॉल्ट के साथ गति की दिशा के आधार पर वर्गीकृत करते हैं।
3. विवर्तनिक तनाव (Tectonic Stress) भ्रंश रेखाओं के साथ बनता है और जब मुक्त होता है, तो ब्लॉकों को स्थानांतरित करता है, जिससे भूकंपीय गतिविधि उत्पन्न होती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**8. महाराणा संग्राम सिंह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वह मेवाड़ के एक राजपूत शासक और सिसोदिया वंश के उत्तराधिकारी थे।
2. उन्होंने खातोली के युद्ध (1517) और धौलपुर के युद्ध (1518) में इब्राहिम लोदी को पराजित किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**9. 'ऐस्बेस्टॉस' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ऐस्बेस्टॉस प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले रेशेदार खनिजों का समूह है जो गर्मी और संक्षारण के प्रति प्रतिरोधी होते हैं।
2. यह छह मुख्य रूपों में पाया जाता है, जिसमें क्राइसोटाइल ऐस्बेस्टॉस का सबसे सामान्य रूप है।
3. यह एक कैंसर पैदा करने वाला पदार्थ है जो फेफड़ों के कैंसर, मेसोथेलियोमा और दीर्घकालिक श्वसन रोगों का कारण बन सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**10. भारत में नागरिकता के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के अनुच्छेद 9 के अंतर्गत दोहरी नागरिकता प्रतिबंधित है, जिसके परिणामस्वरूप विदेशी राष्ट्रीयता प्राप्त करने पर भारतीय नागरिकता स्वत: समाप्त हो जाती है।
2. ओवरसीज़ सिटीज़न ऑफ इंडिया (OCI) का दर्जा दोहरी नागरिकता के समतुल्य नहीं है, लेकिन यह चुनावों में मतदान करने जैसे राजनीतिक अधिकार प्रदान करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**11. सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम (AFSPA), 1958 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राज्य और केंद्र सरकार दोनों ही कुछ क्षेत्रों को "विक्षुब्ध" घोषित करने के लिये अधिसूचना जारी कर सकती हैं, जिससे सशस्त्र बलों को AFSPA के तहत प्राधिकार प्राप्त होता है।
2. AFSPA के अंतर्गत सशस्त्र बलों के कार्मिकों को अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई के लिये विधिक कार्यवाही से संरक्षण प्राप्त है, जब तक कि केंद्र सरकार से पूर्व अनुमति प्राप्त न कर ली जाए।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लंदन में उन्होंने 1905 में इंडियन होम रूल सोसाइटी की स्थापना की, जिसका उद्देश्य युवा भारतीयों को ब्रिटिश शासन के खिलाफ क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल होने के लिये प्रेरित करना था।
2. उन्होंने इंडिया हाउस और द इंडियन सोशियोलॉजिस्ट (पत्रिका) की भी स्थापना की, जो ब्रिटेन में भारतीय छात्रों के बीच उग्र राष्ट्रवादियों के लिये एक संगठित बैठक बिंदु के रूप में विकसित हुआ।
3. वह बॉम्बे आर्य समाज के प्रथम अध्यक्ष थे और वीर सावरकर से प्रभावित थे।

**निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्तित्व उपर्युक्त विवरण से सर्वोत्तम रूप से सुमेलित है?**

A. श्यामजी कृष्ण वर्मा
B. बाल गंगाधर तिलक
C. गोपाल कृष्ण गोखले
D. दादाभाई नौरोजी

## राजनीति और शासन

**13. भारत में लोकसभा अध्यक्ष के पद से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लोकसभा के भंग होने पर उसका कार्यकाल समाप्त हो जाता है।
2. वह किसी भी समय राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंपकर इस्तीफा दे सकते हैं।
3. उसके कार्य और आचरण पर लोकसभा में किसी मूल प्रस्ताव के अलावा चर्चा नहीं की जा सकती।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**14. *एम्फेटामाइन्स, एक्स्टसी, डायज़ेपाम, मेथाक्वालोन,* जो कभी-कभी समाचारों में रहते हैं, निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?**

A. पशुपालन में प्रयुक्त एंटीबायोटिक्स
B. सिंथेटिक ड्रग्स
C. इलेक्ट्रॉनिक्स में प्रयुक्त दुर्लभ मृदा खनिज
D. जैविक कृषि में प्रयुक्त कीटनाशक

**15. बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चीन ने कनेक्टिविटी और व्यापार को बढ़ाने के लिए वैश्विक बुनियादी ढाँचे और आर्थिक रणनीति के रूप में वर्ष 2013 में BRI को लॉन्च किया था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

2. इस पहल में दो मुख्य घटक शामिल हैं: सिल्क रोड इकोनॉमिक बेल्ट और 21वीं सदी का मेरीटाइम सिल्क रोड।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**16. प्राय: जन-समाचारों में देखे जाने वाले गुरुंग, मगर, रईस और लिम्बू निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?**

A. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की मूल जनजातियाँ
B. गोरखा समुदाय का हिस्सा बनने वाले जातीय समूह
C. मध्य एशियाई क्षेत्रों की खानाबदोश जनजातियाँ
D. दक्कन के पठार के योद्धा कबीले

**17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन I:** SpaceX के Fram2 मिशन का उद्देश्य ऑरोरल गतिविधियों की निगरानी करना है।

**कथन II:** ध्रुवीय कक्षाओं में अंतरिक्ष यान वैश्विक भू प्रेक्षण के लिये उपयुक्त हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**18. टाइगर ट्रायम्फ 2025, एक द्विपक्षीय अभ्यास, भारत और निम्नलिखित में से किस देश के बीच आयोजित किया जाता है?**

A. फ्राँस
B. संयुक्त राज्य अमेरिका
C. ऑस्ट्रेलिया
D. यूनाइटेड किंगडम

**19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वक्फ इस्लामी कानून में एक विधिक लिखत है जो चल या अचल संपत्ति को धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिये स्थायी रूप से समर्पित करता है, जिससे वह अविभाज्य हो जाती है।
2. वक्फ अधिनियम, 1995, संपूर्ण भारत में वक्फ संपत्तियों के विनियमन और प्रबंधन के लिये केंद्रीय और राज्य वक्फ बोर्डों की स्थापना का प्रावधान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मान्यताओं के अनुसार संगम वंश के एक प्रमुख शासक देवराय प्रथम ने अपने दरबार में इतालवी यात्री निकोलो कोंटी का स्वागत किया था।
2. तालीकोटा के युद्ध ने विजयनगर साम्राज्य के अंतिम पतन की शुरुआत को चिह्नित किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**21. ध्वनि प्रौद्योगिकियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ऑडिबल एन्क्लेव निम्न-आवृत्ति तरंगों का उपयोग करके ध्वनि उत्पन्न करते हैं, जो रैखिक रूप से परस्पर क्रिया करके केंद्रित ऑडियो उत्पन्न करते हैं।
2. पैरामीट्रिक ऐरे लाउडस्पीकर दिशात्मक ध्वनि किरणें बनाने के लिये अल्ट्रासोनिक तरंगों का उपयोग करते हैं, जिन्हें लक्षित श्रवण के लिये वायु में विमॉड्यूलेट किया जाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**22. हाल ही में GI टैग से सम्मानित कन्नडिप्पया एक पारंपरिक हस्तशिल्प है जो निम्नलिखित में से किस विशेषता के लिये जाना जाता है?**

A. यह तमिलनाडु की एक दर्पण-जड़ित लकड़ी की कला है।
B. यह केरल के आदिवासी समुदायों द्वारा बनाई गई एक परावर्तक पैटर्न वाली चटाई है।
C. यह बिहार की एक अनूठी रेशम बुनाई तकनीक है।
D. यह तेलंगाना का एक टेराकोटा शिल्प है।

**23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उत्तरी अटलांटिक महासागर में स्थित विश्व का सबसे बड़ा द्वीप है।
2. प्रमुख पर्वत शृंखलाओं में वॉटकिंस रेंज और स्टॉनिंग आल्प्स शामिल हैं।
3. इसका 80% से अधिक भू-भाग वर्ष भर बर्फ से ढका रहता है।
4. यह एक स्वायत्त क्षेत्र है, जिसमें स्वशासन और अपनी संसद है।

**उपर्युक्त कथनों द्वारा निम्नलिखित में से किस स्थान का सबसे अच्छा वर्णन किया गया है?**

A. आइसलैंड
B. ग्रीनलैंड
C. स्वालबार्ड
D. फरो आइलैंड्स

**24. ChaSTE (चंद्रा सरफेस थर्मोफिजिकल एक्सपेरीमेंट) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ChaSTE एक स्वदेशी थर्मल जाँच उपकरण है जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा चंद्रयान-3 मिशन के लिये विकसित किया गया है।
2. यह चंद्र मिट्टी के तापमान और ऊष्मीय चालकता को मापने के लिये एक रोटरी परिनियोजन तंत्र का उपयोग करता है।
3. यह चंद्रयान-3 के दौरान चंद्रमा की सतह में प्रवेश करने और उसका तापमान मापने वाला पहला उपकरण था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. 1, 2 और 3
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

**25. बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिये बंगाल की खाड़ी पहल (बिम्सटेक) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक उप-क्षेत्रीय संगठन है जो बैंकॉक घोषणापत्र से अस्तित्व में आया।
2. बंगाल की खाड़ी के सभी तटीय देश बिम्सटेक का हिस्सा हैं।
3. बिम्सटेक का स्थायी मुख्यालय नई दिल्ली, भारत में है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. केवल 1

## अंतर्राष्ट्रीय संबंध

**26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक कोरल एटोल है और चागोस द्वीपसमूह का सबसे बड़ा द्वीप है, जो भूमध्य रेखा से 7 डिग्री दक्षिण में स्थित है।
2. इसे संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम को पट्टे पर दिया गया और बाद में यह एक सैन्य अड्डा बन गया।
3. खाड़ी युद्ध, इराक और अफगानिस्तान युद्धों तथा 9/11 के बाद के अभियानों में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही, जिससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र का सामरिक महत्त्व उजागर हुआ।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान उपर्युक्त विवरण से सर्वाधिक सुमेलित होता है?**

A. डिएगो गार्सिया
B. मालदीव
C. सेशल्स
D. मॉरीशस

## विज्ञान और तकनीक

**27. एवियन इन्फ्लूएंज़ा के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एवियन इन्फ्लूएंजा ए वायरस के कारण होने वाला एक अत्यधिक संक्रामक रोग है जो जंगली और घरेलू दोनों पक्षियों को प्रभावित करता है।
2. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) अनुसंधान एवं विकास (R&D) ब्लूप्रिंट के तहत H5N1 नामक उपप्रकार को प्राथमिकता वाली बीमारी के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**28. ओलिव रिडले कछुओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये कछुए अपने अद्वितीय सामूहिक घोंसले (Mass Nesting) अरीबदा (Arribada) के लिये सबसे ज़्यादा जाने जाते हैं, अंडे देने के लिये हज़ारों मादाएँ एक ही समुद्र तट पर एक साथ यहाँ आती हैं।
2. ओडिशा के गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य को विश्व में समुद्री कछुओं के सबसे बड़े प्रजनन स्थल के रूप में जाना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**29. ग्लोबल साउथ शब्द के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्रांट लाइन लगभग 30° उत्तरी अक्षांश पर आर्थिक रूप से विकसित ग्लोबल नॉर्थ को विकासशील ग्लोबल साउथ से अलग करती है।
2. ग्लोबल साउथ में सामान्यत: लैटिन अमेरिका, एशिया, अफ्रीका और ओशिनिया के देश शामिल हैं।
3. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अधिदेश की अनुपस्थिति ग्लोबल साउथ के नेतृत्व वाले शांति मिशनों की वैधता को प्रभावित नहीं करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**30. HALEU (उच्च परख निम्न संवर्द्धित यूरेनियम) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. HALEU का उत्पादन यूरेनियम संवर्द्धन के माध्यम से किया जाता है और इसमें 5% से 20% तक U-235 समस्थानिक होता है।
2. HALEU का उपयोग भारत के मौजूदा दाबित भारी जल रिएक्टरों (PHWR) में थोरियम के साथ किया जा सकता है।
3. HALEU-थोरियम का उपयोग करके दबावयुक्त भारी जल रिएक्टरों (PHWR) से प्राप्त ईंधन को बहुमूल्य विखंडनीय सामग्री निकालने के लिये पुन:प्रसंस्कृत किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

## विज्ञान और तकनीक

**31. स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टरों (SMR) के बारे में, कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये उन्नत परमाणु रिएक्टर हैं जिनकी क्षमता पारंपरिक रिएक्टरों की लगभग एक-तिहाई है।
2. वे कॉम्पैक्ट और कारखाने में निर्मित होते हैं, जिससे वे दूरदराज़ या सीमित स्थान वाले क्षेत्रों के लिये उपयुक्त होते हैं।
3. इन्हें प्रत्येक 1 से 2 वर्ष में ईंधनन की आवश्यकता होती है, जबकि पारंपरिक संयंत्रों में 3 से 7 वर्ष में ईंधनन की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**32. उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को अनिवार्य चिकित्सा जाँच के बाद ही स्व-अनुभूत लैंगिक पहचान की अनुमति देता है।
2. यह बीमा कवरेज के साथ लैंगिक-पुष्टि उपचार (Gender-Affirming Treatments) और HIV निगरानी तक पहुँच सुनिश्चित करता है।
3. इस अधिनियम के तहत 2020 में एक वैधानिक निकाय के रूप में राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर व्यक्ति परिषद (NCTP) की स्थापना की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

## भूगोल

**33. फ्लोराइड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फ्लोराइड फ्लोरस्पार, क्रायोलाइट और फ्लोरापेटाइट जैसे खनिजों में पाया जाता है।
2. इसके यौगिकों का उपयोग एल्यूमीनियम विनिर्माण में व्यापक स्तर पर किया जाता है तथा इस्पात एवं ग्लास फाइबर उद्योगों में फ्लक्सिंग एजेंट के रूप में उपयोग में लाया जाता है।
3. जल जीवन मिशन के एक भाग के रूप में राष्ट्रीय फ्लोरोसिस निवारण और नियंत्रण कार्यक्रम (NPPCF) शुरू किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही *नहीं* है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**34. बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सम्राट अशोक ने बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति स्थल को चिह्नित करने के लिये तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में बोधगया में मूल मंदिर का निर्माण कराया था।
2. वर्ष 1949 में बोधगया मंदिर अधिनियम के लागू होने के बाद यह मंदिर बौद्धों और हिंदुओं के बीच साझा प्रबंधन के अधीन आ गया।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

## इतिहास

**35. बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम उनके द्वारा रचित था और सर्वप्रथम आनंदमठ उपन्यास में विवरणित था।
2. राजमोहन्स वाइफ बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा अंग्रेज़ी में लिखा गया पहला भारतीय उपन्यास था।
3. उन्होंने साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन की स्थापना की, जिसने बांग्ला राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**36. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) ने हाल ही में अपनी उद्योग वर्गीकरण प्रणाली को संशोधित किया है। निम्नलिखित में से प्रणाली में जोड़े गए नए "ब्लू कैटेगरी" का सबसे अच्छा वर्णन कौन करता है ?**

A. यह अपशिष्ट प्रबंधन और जैव खनन जैसी आवश्यक पर्यावरणीय सेवाएँ प्रदान करने वाले उद्योगों के लिये बनाया गया है।
B. इसे ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न करने की क्षमता के आधार पर उद्योगों को वर्गीकृत करने के लिये शुरू किया गया है।
C. यह झीलों में जल प्रदूषण को कम करने में शामिल उद्योगों को वर्गीकृत करता है।
D. यह उन उद्योगों को वर्गीकृत करने के लिये बनाया गया है जो वायु प्रदूषण को कम करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

## अर्थव्यवस्था

**37. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका प्रबंधन MUDRA द्वारा किया जाता है जो नाबार्ड की सहायक है।
2. इससे कॉर्पोरेट और कृषि क्षेत्रों में छोटे व्यवसाय मालिकों के लिये सूक्ष्म ऋण की सुविधा मिलती है।
3. तरुण प्लस श्रेणी के अंतर्गत ₹10 लाख से ₹20 लाख तक का ऋण प्रदान किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई नहीं

**38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वित्त वर्ष 2023 में भारत श्रीलंका का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) का प्रमुख स्रोत और इसके पर्यटन क्षेत्र में शीर्ष योगदानकर्त्ता था।
2. कांकेसंथुराई बंदरगाह श्रीलंका में भारत द्वारा वित्त पोषित एक प्रमुख बुनियादी ढाँचागत परियोजना है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

## अंतर्राष्ट्रीय संबंध

**39. निम्नलिखित में से कौन-सा देश हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA) का सदस्य नहीं है ?**

A. जर्मनी
B. मालदीव
C. ऑस्ट्रेलिया
D. इंडोनेशिया

## भूगोल

**40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** कश्मीर घाटी में पर्वत शिखर पर विविध प्रकार के पर्यावास हैं जो विभिन्न पौधों की वृद्धि के लिये उपयुक्त हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**कथन-II:** घाटी में तुंगता भिन्नता के कारण ढाल मैदानों से लेकर अल्पाइन घास के मैदानों में विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों की संवृद्धि होती है, जिससे यह क्षेत्र एक पारिस्थितिक हॉटस्पॉट बन जाता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, किंतु कथन-II सही है।

## सुरक्षा

**41. 'अभ्यास INDRA-2025' के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

1. यह भारत और रूस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
2. इसकी शुरुआत मास्को में हुई।
3. इसका उद्देश्य समुद्री खतरों का मुकाबला करना, वैश्विक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देना तथा संयुक्त अभियानों को मज़बूत करना है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**42. हिमालयी उच्च तुंगता वायुमंडलीय और जलवायु अनुसंधान केंद्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह हिमाचल प्रदेश में 3,000 मीटर से अधिक की ऊँचाई पर स्थित है।
2. यह भारत का पहला उच्च-ऊँचाई वाला जलवायु अनुसंधान स्टेशन है।
3. स्वच्छ वायु और न्यूनतम प्रदूषण के कारण यह उच्च परिशुद्धता वाले वायुमंडलीय माप के लिये आदर्श है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

## कला और संस्कृति

**43. दौलताबाद किले के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह किला मूलत: देवगिरी के नाम से जाना जाता था और मुहम्मद बिन तुगलक ने इसका नाम बदलकर दौलताबाद रख दिया था।
2. यादवों, तुगलकों और मुगलों सहित कई राजवंशों की राजधानी रहा दौलताबाद किला यूनेस्को द्वारा नामांकित विरासत स्थल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लॉस एंड डैमेज फंड (LDF) एशिया-प्रशांत देशों में जलवायु लचीलापन अवसंरचना और नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
2. भारत में कानूनी रूप से अनिवार्य हरित वर्गीकरण है, जो जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (NAPCC) के उद्देश्यों के अनुरूप है।
3. संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में स्थित मसदर शहर जलवायु-लचीले विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) का एक वैश्विक उदाहरण है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

## अंतरराष्ट्रीय संबंध

**45. ओटावा कन्वेंशन, 1997 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जिसके अंतर्गत नररोधी (एंटी-पर्सनल) लैंड माइन के उपयोग, उत्पादन, भंडारण और हस्तांतरण को प्रतिबंधित किया गया है।
2. भारत ओटावा कन्वेंशन का हस्ताक्षरकर्त्ता है।
3. वर्ष 2025 में पोलैंड, फिनलैंड और बाल्टिक राज्य इस कन्वेंशन से अलग हो गए।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

## भारतीय अर्थव्यवस्था

**46. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. विनिवेश और परिसंपत्ति मुद्रीकरण
2. राजकोषीय घाटे में वृद्धि
3. विदेशी मुद्राओं के मुकाबले भारतीय रुपए की मज़बूती
4. आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि

**उपर्युक्त में से कौन सरकार के लोक ऋण के भार को कम करने में मदद कर सकते हैं?**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 4
C. केवल 1, 3 और 4
D. केवल 1, 2 और 3

## विज्ञान प्रौद्योगिकी

**47. निम्नलिखित में से कौन सा एडिटिव मैन्यूफैक्चरिंग (AM) का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. पूर्वनिर्मित भागों को अंतिम उत्पाद में संयोजित करने की प्रक्रिया
B. एक विधि जिसमें किसी ठोस ब्लॉक से वांछित वस्तु बनाने के लिये कुछ सामग्री को हटाया जाता है
C. डिजिटल मॉडल से सीधे 3D ऑब्जेक्ट बनाने की क्रमिक तकनीक
D. साँचों और नक्काशी उपकरणों का उपयोग करके मॉडल बनाने की एक मैनुअल विधि

## पर्यावरण और पारिस्थितिकी

**48. अगस्त्यमलाई बायोस्फीयर रिज़र्व के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पश्चिमी घाट का हिस्सा है और तमिलनाडु और कर्नाटक तक विस्तृत है।
2. इस क्षेत्र में नीलकुरिंजी फूल पाया जाता है, जो हर 12 वर्ष में एक बार खिलता है।
3. यह क्षेत्र कानी जनजाति का निवास स्थान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

## विविध

**49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के राष्ट्रपति को पुर्तगाल के लिस्बन शहर द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'सिटी की ऑफ ऑनर' प्रदान किया गया।
2. पुर्तगाल दक्षिण-पश्चिमी यूरोप में इबेरियन प्रायद्वीप पर स्थित है और इसमें मदीरा और अज़ोरेस के अटलांटिक द्वीपसमूह भी शामिल हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

## भूगोल

**50. थार रेगिस्तान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह रेत की पहाड़ियों (Sand Hills) का एक शुष्क क्षेत्र है जो उत्तर-पश्चिमी भारत (राजस्थान, गुजरात, पंजाब और हरियाणा) और दक्षिण-पूर्वी पाकिस्तान में 200,000 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है।
2. इसकी सीमा पश्चिम में सिंधु नदी के मैदान, उत्तर और उत्तर-पूर्व में पंजाब के मैदान, दक्षिण-पूर्व में अरावली पर्वतमाला और दक्षिण में कच्छ के रण से लगती है।
3. यह विश्व के सबसे बड़े बिटुमिनस कोयले के भंडारों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

## अंतर्राष्ट्रीय संबंध

**51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विश्व के सामरिक रूप से दो सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कृत्रिम जलमार्गों में से एक है।
2. यह अटलांटिक महासागर और प्रशांत महासागर को जोड़ता है।
3. यह जहाज़ों को एक महासागर से दूसरे महासागर तक ले जाने के लिये जलपाश (Locks) और जल एलीवेटर की प्रणाली के उपयोग पर आधारित है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर रूप से संबंधित है?**

A. स्वेज नहर

B. पनामा नहर

C. कील नहर

D. कोरिंथ नहर

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**52. ऑलिव रिडले कछुए के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह समुद्री कछुओं की सबसे छोटी प्रजाति है, जो अपने जैतून अथवा भूरे-हरे रंग और हृदयाकार आवरण से पहचानी जाती है।
2. वे सर्वाहारी होते हैं और अरिबाडा नामक सामूहिक नीडन क्रिया करते हैं, जिसमें अनेकों मादा कछुए एक साथ नीडन करती हैं।
3. इन्हें वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-I के अंतर्गत संरक्षित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**53. प्रोजेक्ट RE-HAB के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य मानव-हाथी संघर्ष को कम करना है।
2. यह परियोजना खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) की एक पहल है।
3. यह परियोजना राष्ट्रीय शहद मिशन के अंतर्गत एक उप-मिशन है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

## इतिहास

**54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जाति-आधारित भेदभाव को चुनौती देने के लिये ज्योतिराव फुले ने वर्ष 1873 में सत्यशोधक समाज की स्थापना की थी।
2. उन्होंने वर्ष 1848 में भारत का पहला बालिका विद्यालय खोला और बाद में पुणे में श्रमिकों, किसानों तथा महिलाओं के लिये रात्रि विद्यालय (वर्ष 1855) की शुरुआत की।
3. तृतीया रत्न 1885 में ज्योतिराव फुले द्वारा लिखित एक मराठी भाषा का नाटक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

## भारतीय अर्थव्यवस्था

**55. भारत में न्यू पंबन ब्रिज के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?**

A. यह सड़क यातायात को सुचारू बनाने के लिये बनाया गया एक सस्पेंशन ब्रिज है।
B. इसे चक्रवाती तूफानों और भूकंपीय गतिविधियों को सहन करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
C. यह एक ऊर्ध्वाधर लिफ्ट रेलवे पुल है जिसे केवल एकल-ट्रैक उपयोग के लिये डिज़ाइन किया गया है।
D. यह मन्नार की खाड़ी के माध्यम से भारत को श्रीलंका से जोड़ता है।

## विज्ञान और तकनीक

**56. अमोनिया के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अमोनिया का उत्पादन हेबर-बॉश प्रक्रम द्वारा किया जाता है, जिसमें नाइट्रोजन और हाइड्रोजन का उपयोग कम तापमान और दबाव में किया जाता है।
2. इसे दबाव में तरल रूप में संग्रहित किया जाता है तथा यह अपने सांद्रित रूप में अत्यधिक संक्षारक होता है।
3. अमोनिया जल में अघुलनशील है तथा किसी भी प्रकार की अभिक्रिया करके हाइड्रॉक्साइड नहीं बनाता है।
4. लिथियम-आयन बैटरी और संपीड़ित हाइड्रोजन की तुलना में उच्च ऊर्जा घनत्व के कारण अमोनिया को कार्बन-मुक्त ऊर्जा वाहक के रूप में खोजा जा रहा है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1, 2 और 4
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 4
D. केवल 1, 3 और 4

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये समुद्री स्तनधारी जीवों के एक समूह से संबंधित हैं जिन्हें पिनिपेड समूह (फिन फूटेड समुद्री स्तनधारी) कहते हैं।
2. ये बड़े समूहों में पाए जाते हैं और अपनी तीव्र उग्र आवाज़ के लिये जाने जाते हैं।
3. ये अधिकांशतः समुद्र में रहते हैं, लेकिन आराम करने, संभोग करने और पपिंग हेतु किनारे पर आते हैं।
4. ये अधिकतर प्रशांत महासागर में पाए जाते हैं।

**निम्नलिखित में से कौन-सी प्रजाति उपर्युक्त विवरण से सर्वाधिक सुमेलित होती है?**

A. सी लॉयन
B. वालरस
C. समुद्री ऊदबिलाव
D. डुगोंग

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

## विज्ञान और तकनीक

**58. कैप्चा, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2FA) और हनीपोट्स शब्द अक्सर समाचारों में किस संदर्भ में देखे जाते हैं:**

A. ई-कॉमर्स सुरक्षा

B. साइबर सुरक्षा

C. डेटा गोपनीयता विनियम

D. क्लाउड कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकियाँ

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

**59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फॉर्मेल्डिहाइड सामान्यत: घरेलू सफाई एजेंटों और कीटनाशकों में पाया जाता है।
2. एस्बेस्टस के संपर्क में आने से फेफड़े संबंधी गंभीर रोग हो सकते हैं।
3. कार्बन मोनोऑक्साइड एक गंधहीन गैस है जो अपूर्ण दहन के दौरान उत्सर्जित होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

## कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र

**60. कृत्रिम फल पकाने वाले परिष्कारक के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फलों को पकाने के लिये कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग तब तक अनुमत है जब तक इसका उपयोग न्यूनतम मात्रा में किया जाए।
2. FSSAI द्वारा अनुमोदित एथिलीन गैस को नियंत्रित पकाने वाले कक्षों में प्रयोग किया जाना चाहिये, फलों के सीधे संपर्क में नहीं आना चाहिये।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

## पर्यावरण और पारिस्थितिकी

**61. नौवहन पर वैश्विक कार्बन टैक्स के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कार्बन कर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क अभिसमय (UNFCCC) द्वारा अधिरोपित किया गया गया था।
2. यह वर्ष 2028 से 5,000 सकल टन से अधिक भार वाले जहाज़ों पर लागू होगा।
3. इस कर से प्राप्त धनराशि को समुद्री क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने में पुन: निवेश किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

## अंतरराष्ट्रीय संबंध

**62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सामाजिक सुरक्षा स्थिति रिपोर्ट अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) द्वारा जारी की जाती है।
2. विश्व सामाजिक सुरक्षा रिपोर्ट (WSPR) विश्व बैंक द्वारा प्रकाशित की जाती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

## भूगोल

**63. वायुमंडलीय नदियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वायुमंडलीय नदियाँ नमी से परिपूर्ण वायु की लंबी, संकरी पट्टी हैं जो उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों से मध्य और उच्च अक्षांशों तक जल वाष्प का परिवहन करती हैं।
2. वायुमंडलीय नदियाँ सामान्यत: समुद्री उष्णकटिबंधीय (mT) वायु द्रव्यमान से जुड़ी होती हैं तथा भूमि पर पहुँचने पर तीव्र वर्षा का कारण बन सकती हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

## रक्षा एवं सुरक्षा

**64. लंबी दूरी के ग्लाइड बम (LRGB) 'गौरव' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा डिजाइन और विकसित एक स्वदेशी सतह से वायु में मार करने वाली हथियार प्रणाली है।
2. यह लंबी दूरी तक मार करने के लिए जेट या रॉकेट इंजन द्वारा संचालित बम है।
3. इसकी नेविगेशन प्रणाली में इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम (INS), उपग्रह मार्गदर्शन और एक डिजिटल नियंत्रण प्रणाली शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

## मिश्रित

**65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत की स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (ATP) प्रणाली, लोको पायलट के कार्य करने में विफल होने पर ब्रेकिंग सिस्टम को स्वचालित रूप से सक्रिय करके ट्रेन टकराव को रोकने के लिये विकसित की गई है।

**कथन-II:** कवच प्रणाली को ट्रेन की स्थिति पर निगरानी रखने के लिये सक्षम बनाने हेतु रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID) टैग पूरे ट्रैक की लंबाई में लगाए गए हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

## Answers

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (A) | 2. (B) | 3. (A) | 4. (C) | 5. (C) | 6. (A) | 7. (C) | 8. (D) | 9. (B) | 10. (A) |
| 11. (C) | 12. (A) | 13. (A) | 14. (B) | 15. (C) | 16. (B) | 17. (A) | 18. (B) | 19. (C) | 20. (C) |
| 21. (B) | 22. (B) | 23. (B) | 24. (B) | 25. (B) | 26. (A) | 27. (C) | 28. (C) | 29. (B) | 30. (D) |
| 31. (B) | 32. (B) | 33. (A) | 34. (C) | 35. (D) | 36. (A) | 37. (A) | 38. (C) | 39. (A) | 40. (A) |
| 41. (A) | 42. (B) | 43. (C) | 44. (B) | 45. (A) | 46. (A) | 47. (C) | 48. (B) | 49. (D) | 50. (B) |
| 51. (B) | 52. (C) | 53. (C) | 54. (C) | 55. (B) | 56. (C) | 57. (A) | 58. (B) | 59. (B) | 60. (A) |
| 61. (C) | 62. (D) | 63. (C) | 64. (B) | 65. (A) | | | | | |

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

# व्याख्या

## रक्षा और सुरक्षा

1.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **अफ्रीका भारत प्रमुख समुद्री सहभागिता (AIKEYME):**
  - यह भारत और तंज़ानिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाता है, इसका पहला संस्करण अप्रैल 2025 में **तंज़ानिया के दार-एस-सलाम** में आयोजित किया जाएगा। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इस अभ्यास में कोमोरोस, जिबूती, इरिट्रिया, केन्या, मेडागास्कर, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स, दक्षिण अफ्रीका, भारत और तंज़ानिया सहित **11 देश** शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - इसमें समुद्री डकैती रोधी अभियान, खोज एवं बचाव (SAR), नाविक कला कौशल, विज़िट बोर्ड खोज एवं जब्ती (VBSS), तथा हेलीकॉप्टर संचालन का प्रशिक्षण शामिल है।

## इतिहास

2.

उत्तर: B

व्याख्या:

- रबींद्रनाथ टैगोर का जन्म **7 मई 1861** को **कलकत्ता** में हुआ था। वे एक बंगाली कवि, उपन्यासकार, नाटककार, संगीतकार, चित्रकार, दार्शनिक और शिक्षाविद् थे।
- वे **गुरुदेव, कविगुरु और विश्वकवि** के नाम से लोकप्रिय थे।
- वह अपनी कृति **गीतांजलि** के लिये **साहित्य में नोबेल पुरस्कार (1913)** प्राप्त करने वाले पहले गैर-यूरोपीय थे। **अत: कथन 1 सही है।**
- टैगोर ने शिक्षा की कल्पना **मन को नियंत्रित करने के लिये नहीं, बल्कि उसे मुक्त करने के साधन** के रूप में की थी। वर्ष 1921 में उन्होंने शांतिनिकेतन में **विश्वभारती विश्वविद्यालय की स्थापना** की, जो '**प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर सीखने**' के दर्शन पर आधारित था। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1937 में उन्होंने **भारत-चीन सभ्यतागत संबंधों** और वैश्विक सांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देने के लिये चीन भवन की स्थापना की। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

## विज्ञान प्रौद्योगिकी

3.

उत्तर: A

व्याख्या:

- इसमें प्राय: प्रयोगशाला में एक विशिष्ट जीव में **किसी अन्य प्रजाति** के **बाह्य डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (DNA)** अनुक्रमों को शामिल कर जीव के जीनोम में परिवर्तन करना शामिल है। **अत: कथन 1 सही है।**
- "ट्रांसजेनिक" शब्द इसके मूल शब्द "ट्रांस" से प्राप्त हुआ है जिसका अर्थ है "पार" या "एक से दूसरे तक", और "जेनिक", जो जीन को संदर्भित करता है।
  - इस अनुसंधान क्षेत्र में आनुवंशिक अध्ययन, रोग मॉडलिंग और जैव प्रौद्योगिकी प्रगति के लिये ट्रांसजेनिक जंतुओं, पौधों और सूक्ष्मजीवों का निर्माण शामिल है।
- कपास एकमात्र ट्रांसजेनिक फसल है जिसे देश में व्यावसायिक कृषि के लिये जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (GEAC) द्वारा अनुमोदित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **आनुवंशिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (GEAC) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** के अंतर्गत सर्वोच्च निकाय है, जो परिसंकटमय सूक्ष्मजीवों और पुन: संयोजकों के अनुसंधान तथा औद्योगिक उपयोग के पर्यावरणीय प्रभाव का मूल्यांकन करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

4.

उत्तर: C

व्याख्या:

**बलूचिस्तान**

- **भूगोल:** बलूचिस्तान पाकिस्तान का दक्षिण-पश्चिमी प्रांत है जिसकी सीमा **अफगानिस्तान, ईरान, पंजाब और सिंध** (पाकिस्तान के प्रांत) और **अरब सागर से लगती है। अत: कथन 1 सही है।**
- **जनसांख्यिकी:** यह **देश के कुल भू-क्षेत्र का 44% हिस्सा** कवर करता है, लेकिन इसकी **केवल 5% जनसंख्या** यहाँ निवास करती है, जिसमें मुख्य रूप से **बलूच** लोग रहते हैं, जो एक **सुन्नी मुस्लिम जातीय समूह** है, जिनके महत्त्वपूर्ण समुदाय **ईरान और अफगानिस्तान** में भी हैं।
  - यह **सबसे बड़ा और सबसे कम आबादी वाला प्रांत** है, जो **प्राकृतिक गैस, कोयला, स्वर्ण और ताँबे** जैसे **प्राकृतिक संसाधनों** से समृद्ध है, लेकिन **अत्यधिक गरीब** बना हुआ है, तथा इसकी 70% आबादी बहुआयामी गरीब के रूप में वर्गीकृत है।
- **उग्रवाद का इतिहास: भारत के विभाजन (वर्ष 1947)** के समय, बलूचिस्तान में 4 रियासतें शामिल थीं: **खारन, मकरान, लास बेला और कलात,** कलात ने **स्वतंत्रता** का विकल्प चुना, जबकि अन्य पाकिस्तान में शामिल हो गए। **अत: कथन 2 सही है।**
- **एमनेस्टी इंटरनेशनल** की रिपोर्ट के अनुसार **वर्ष 2011 से अब तक पाकिस्तान में 10,000 से अधिक बलूच गायब** हो चुके हैं।

5.

उत्तर: C

व्याख्या:

**वस्त्र मंत्रालय** द्वारा **वर्ष 2020** में शुरू किये गए **राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (NTTM)** ने 5 वर्ष पूर्ण कर लिये हैं, जिसका उद्देश्य **वर्ष 2025-26** तक **भारत को तकनीकी वस्त्रों में वैश्विक अभिकर्त्ता** के रूप में स्थापित करना है।

- **तकनीकी वस्त्र: तकनीकी वस्त्र प्राकृतिक और सिंथेटिक फाइबर** से बने **कार्यात्मक वस्त्र** हैं, जिनका उपयोग **रक्षा, स्वास्थ्य सेवा, बुनियादी ढाँचे, ऑटोमोटिव, चिकित्सा** आदि जैसे उद्योगों में किया जाता है।
  - **उदाहरण:** मच्छरदानी, सीट बेल्ट, हेलमेट, अग्निरोधक जैकेट और सैनिटरी नैपकिन।
- **NTTM: वर्ष 2020-21** से **वर्ष 2025-26** की अवधि के लिये शुरू किया गया यह **मिशन कृषि, स्वास्थ्य सेवा और तकनीकी वस्त्रों में बुनियादी ढाँचे** जैसे प्रमुख क्षेत्रों में **अनुसंधान, बाज़ार विकास, निर्यात और कौशल विकास** को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।
  - **प्रमुख घटक:** नई सामग्रियों के लिये अनुसंधान एवं विकास को समर्थन देना, बाज़ार को अपनाने को बढ़ावा देना, निर्यात को मज़बूत करना और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से 50,000 व्यक्तियों को प्रशिक्षण देना।
- **वस्त्र क्षेत्र से संबंधित योजनाएँ: PM मित्र पार्क योजना, संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (ATUFS), एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (SITP), समर्थ योजना, पावर-टेक्स इंडिया।**
  - **PM मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (PM मित्र) पार्क योजना: SPV** के माध्यम से **PPP मोड** के तहत प्रसंस्करण इकाइयों और डिजाइन केंद्रों जैसी सुविधाओं के साथ **एकीकृत वस्त्र पार्क** बनाने के लिये शुरू किया गया।
  - **5F विजन (फार्म टू फाइबर टू फैक्ट्री टू फैशन टू फॉरेन)** से प्रेरित होकर, इसका उद्देश्य प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देना, लॉजिस्टिक्स लागत कम करना और वस्त्र क्षेत्र में रोज़गार का सृजन करना है।
- **अत: विकल्प C सही है।**

6.

उत्तर: A


व्याख्या:

**ग्रेट बैरियर रीफ:**

- **यह विश्व की सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति** है, जो **ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड से 2,300 किमी** तक फैली हुई है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **वर्ष 1981 से यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल** के रूप में शामिल यह स्थल **डुगोंग और ग्रीन टर्टल** जैसी लुप्तप्राय प्रजातियों का आश्रय स्थल है।




- **जलवायु परिवर्तन** के कारण **लंबे समय से जारी मरीन हीटवेव** के कारण ऑस्ट्रेलिया के **निंगलू रीफ** और **ग्रेट बैरियर रीफ सामूहिक प्रवाल विरंजन** का सामना कर रहे हैं।
- **निंगलू रीफ** ( वर्ष 2011 से **यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल** ) **ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमी तट** पर **300 किलोमीटर लंबी** एक तटीय रीफ है।
  - **फ्रिंजिंग रीफ** वे प्रवाल भित्तियाँ हैं जो **समुद्रतटों** या द्वीपों के किनारे बनती हैं, तथा तट से इनकी दूरी बहुत कम या न के बराबर होती है।
- **प्रवाल विरंजन** पर्यावरणीय तनाव, मुख्य रूप से **सागरीय तापमान में वृद्धि** के कारण **प्रवाल के रंग का नष्ट होना ( श्वेत हो जाना )** है, जिसके कारण प्रवाल पोषक तत्त्व और रंग प्रदान करने वाले **सहजीवी शैवाल ( ज़ूक्सैन्थेला )** को बाहर निकाल देते हैं।
  - **वर्ष 2023 के बाद से प्रवाल विरंजन में 83.6% की वृद्धि** हुई है, तथा **81 देशों** में प्रवाल विरंजन की घटना रिपोर्ट की गई है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

7.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- फॉल्ट ( भ्रंश ) भू पर्पटी में शैलों के दो ब्लॉकों के बीच एक **विभंजन अथवा विभंग क्षेत्र** होता है, जिसके कारण ब्लॉकों में एक दूसरे की सापेक्ष गति में संचलन होता है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- भूवैज्ञानिक **फॉल्ट को उसके ढाल** (सतह के संबंध में फॉल्ट का कोण) और फॉल्ट के साथ **गति (स्लिप) की दिशा** के आधार पर वर्गीकृत करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह संचलन **विवर्तनिक तनाव (Tectonic Stress)** के कारण होती है, जो अकस्मात् हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप **भूकंप** आ सकता है।
- विवर्तनिक तनाव (Tectonic Stress) भ्रंश रेखाओं के साथ बनता है और जब मुक्त होता है, तो ब्लॉकों को स्थानांतरित करता है, जिससे भूकंपीय गतिविधि उत्पन्न होती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**8.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **महाराणा संग्राम सिंह (1484-1527),** जिन्हें राणा सांगा के नाम से जाना जाता है, **मेवाड़ के राजपूत शासक और सिसोदिया वंश** के उत्तराधिकारी थे। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1508 से वर्ष 1528 की अवधि में शासन करते हुए उन्होंने राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा के कुछ क्षेत्रों में अपने साम्राज्य का विस्तार किया।
- राणा सांगा ने **खातोली के युद्ध (1517)** और **धौलपुर के युद्ध (1518)** में **इब्राहिम लोदी** को तथा **गागरोन के युद्ध (1519)** में **सुल्तान महमूद खिलजी द्वितीय को पराजित कर** उत्तर भारत में राजपूत प्रभुत्व स्थापित किया। **अत: कथन 2 सही है।**
- हालाँकि, **बाबर के विरुद्ध खानवा के युद्ध (1527)** में उनकी महत्त्वाकांक्षाओं को बड़ा झटका लगा , जहाँ मुगलों द्वारा तोप का प्रयोग करने और स्वजनों से विश्वासघात के कारण उनकी हार हुई। उनकी विरासत राजपूत वीरता के प्रतीक के रूप में अभी भी अक्षुण्ण बनी हुई है।

**9.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- शिक्षा मंत्रालय ने स्वास्थ्य पर **ऐस्बेस्टॉस** के गंभीर खतरों के कारण **केंद्रीय विद्यालयों (KV) और जवाहर नवोदय विद्यालयों (JNV)** के निर्माण और नवीनीकरण में इसके **उपयोग पर प्रतिबंध** लगा दिया है।
- **ऐस्बेस्टॉस** प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला **खनिज फाइबर** है जो ऊष्णता और संक्षारण प्रतिरोध के लिये जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसके छह मुख्य रूपों में से, **क्राइसोटाइल (सफेद ऐस्बेस्टॉस)** निर्माण और ऑटोमोबाइल उद्योग में सर्वाधिक उपयोग में लाया जाता है।
- **एंथोफिलाइट ऐस्बेस्टॉस** के **दुर्लभतम रूपों** में से एक है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- ऐस्बेस्टॉस **समूह 1 कार्सिनोजेन** है, जो फेफड़ों के कैंसर, मेसोथेलियोमा (फुफ्फुस और पेरिटोनियल अस्तर को प्रभावित करने वाला कैंसर) और दीर्घकालिक श्वसन रोगों का कारण बनता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**10.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **भारतीय संविधान** (अनुच्छेद 9) के अंतर्गत दोहरी नागरिकता की अनुमति नहीं है। विदेशी राष्ट्रीयता प्राप्त करने से भारतीय नागरिकता स्वत: समाप्त हो जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत के सख्त नागरिकता ढाँचे के पीछे **मूल तर्क** विभाजन के बाद **नागरिकों को स्पष्ट रूप से सीमांकित करना** था।
- **ओवरसीज़ सिटीज़न ऑफ इंडिया (OCI) का दर्जा भारतीय संविधान** के तहत नहीं अपितु **नागरिकता अधिनियम,** 1955 के तहत प्रदान किया जाता है।
- **ओवरसीज़ सिटीज़न ऑफ इंडिया (OCI)** का दर्जा **दोहरी नागरिकता** के समान नहीं है, क्योंकि इसके अंतर्गत **मतदान** अथवा **राजकीय पद धारण करने** जैसे **राजनीतिक अधिकार नहीं प्रदान** किये जाते, न ही यह **कृषि भूमि के स्वामित्व की अनुमति प्रदान की जाती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**11.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सशस्त्र बल (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम (AFSPA), 1958:**

- इसे सितंबर 1958 में संसद द्वारा पारित किया गया था और उन **पूर्वोत्तर राज्यों** में बढ़ती हिंसा की रोकथाम करने हेतु इसका कार्यान्वन किया गया था, जिस पर राज्य सरकारें नियंत्रण करने में असमर्थ थीं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इस अधिनियम में "**विक्षुब्ध क्षेत्रों**" में **सशस्त्र बलों के कर्मियों को विशेष शक्तियाँ प्रदान किये जाने का प्रावधान** किया गया है।
- राज्य और केंद्र सरकार दोनों ही कुछ क्षेत्रों को "विक्षुब्ध" घोषित करने के लिये **अधिसूचना जारी कर सकती हैं**, जिससे सशस्त्र बलों को AFSPA के तहत प्राधिकार मिल जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **विक्षुब्ध क्षेत्रों** में, सशस्त्र बलों के कर्मियों को बल प्रयोग (प्राणहर प्रयास भी) करने, बिना वारंट के गिरफ्तारी करने तथा लोक व्यवस्था बनाए रखने और खतरों से निपटने के लिये बिना वारंट के तलाशी करने का **प्राधिकार** है।
- AFSPA के अंतर्गत सशस्त्र बलों के कार्मिकों को अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई के लिये **विधिक कार्यवाही से संरक्षण प्राप्त है, जब तक कि केंद्र सरकार से पूर्व अनुमति प्राप्त न कर ली जाए। अतः कथन 2 सही है।**

**12.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**श्यामजी कृष्ण वर्मा:**

- वह एक **भारतीय क्रांतिकारी, देशभक्त, वकील और पत्रकार** थे, जिनका **जन्म 4 अक्तूबर 1857** को **मांडवी, गुजरात** में हुआ था।
- लंदन में उन्होंने **वर्ष 1905 में इंडियन होमरूल सोसाइटी** की स्थापना की जिसका उद्देश्य युवा भारतीयों को ब्रिटिश शासन के खिलाफ क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल होने के लिये प्रेरित करना था।
- उन्होंने **इंडिया हाउस** और **द इंडियन सोशियोलॉजिस्ट (पत्रिका)** की भी स्थापना की, जो ब्रिटेन में भारतीय छात्रों के बीच **उग्र राष्ट्रवादियों** के लिये एक संगठित बैठक बिंदु के रूप में विकसित हुआ और **भारत के बाहर क्रांतिकारी भारतीय राष्ट्रवाद के सबसे प्रमुख केंद्रों** में से एक बन गया।
- वह **बॉम्बे आर्य समाज के पहले अध्यक्ष** थे और **वीर सावरकर** से प्रभावित थे।
- ब्रिटिश आलोचना के जवाब में वर्मा इंग्लैंड से पेरिस चले गए और तत्पश्चात **प्रथम विश्व युद्ध** के दौरान जिनेवा में बस गए, जहाँ वे **30 मार्च 1930 को अपनी मृत्यु तक** रहे।
- मांडवी के निकट उन्हें समर्पित **क्रांति तीर्थ नामक एक स्मारक** का निर्माण किया गया और वर्ष 2010 में इसका उद्घाटन किया गया।
- **अतः विकल्प A सही है।**

## राजनीति और शासन

**13.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अध्यक्ष लोकसभा के संवैधानिक और औपचारिक प्रमुख के रूप में कार्य करता है, तथा संसद के प्रत्येक सदन का अपना पीठासीन अधिकारी होता है।
  - लोकसभा का नेतृत्व एक अध्यक्ष और एक उपाध्यक्ष करते हैं, जबकि राज्य सभा का एक सभापति और एक उपसभापति होता है।
- अध्यक्ष **नव निर्वाचित लोकसभा की पहली बैठक तक अपने पद पर बना रहता है। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- संविधान के अनुच्छेद 94 के अनुसार, निष्कासन के लिये 14 दिन के नोटिस के साथ प्रभावी बहुमत से प्रस्ताव पारित करना आवश्यक है।
- इसके अतिरिक्त, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत अयोग्यता के आधार पर भी पद से हटाया जा सकता है।
- **अध्यक्ष उपसभापति को अपना इस्तीफा दे सकता है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- स्वतंत्रता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने वाले उपायों में कार्यकाल की सुरक्षा, मनमाने तरीके से हटाए जाने से सुरक्षा, भारत के समेकित कोष से वेतन लेना, प्रक्रियात्मक निर्णयों पर न्यायिक जाँच से उन्मुक्ति और **सदन में मूल प्रस्ताव के अलावा उनके आचरण पर चर्चा करने पर प्रतिबंध शामिल हैं। अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

14.

उत्तर: B

व्याख्या:

**सिंथेटिक ड्रग्स**

- **सिंथेटिक ड्रग्स** पूर्णत: से प्रयोगशाला में प्रीकर्सर केमिकल्स का उपयोग करके निर्मित होती हैं और उन्हें किसी भी पादप-आधारित घटक की आवश्यकता नहीं होती है।
- पादपों से सीधे प्राप्त नेचुरल ड्रग्स, जैसे अफीम और भांग, या मॉर्फिन और हेरोइन जैसी सेमी-सिंथेटिक ड्रग्स के विपरीत, **एम्फेटामाइन, एक्सटसी, डायज़ेपाम और मेथाक्वालोन** सहित सिंथेटिक ड्रग्स को विशिष्ट प्रभाव उत्पन्न करने के लिये रासायनिक रूप से तैयार किया जाता है।
- ये पदार्थ प्राय: चिकित्सीय, मनोरंजनात्मक या अवैध उपयोग से जुड़े होते हैं तथा इनके दुरुपयोग और लत लगने की संभावना के कारण ये चिंता का विषय बने हुए हैं।
- **अत: विकल्प B सही है।**

15.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **बेल्ट एंड रोड पहल:**
  - BRI एक **बहुमुखी विकास रणनीति** का प्रतिनिधित्व करता है जिसका उद्देश्य वैश्विक संपर्क और सहयोग को बढ़ाना है।
  - इसे **वर्ष 2013 में चीन द्वारा लॉन्च** किया गया था और **इसका उद्देश्य दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, खाड़ी क्षेत्र, अफ्रीका और यूरोप** को भूमि और समुद्री मार्गों के नेटवर्क से जोड़ना है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इस परियोजना का नाम पहले '**वन बेल्ट, वन रोड**' रखा गया था, लेकिन इसे बदलकर '**BRI**' कर दिया गया, ताकि यह **चीनी-प्रभुत्व वाली पहल** के विपरीत अधिक मुक्त और समावेशी पहल बन सके।
  - इस पहल में दो प्रमुख घटक शामिल हैं: **सिल्क रोड इकोनॉमिक बेल्ट और मैरीटाइम सिल्क रोड। अत: कथन 2 सही है।**

16.

उत्तर: B

व्याख्या:

**गोरखा**

- गोरखा (जिन्हें गुरखा भी कहते हैं) एक **मार्शल समुदाय** है जिसका उदय **नेपाल** से हुआ और यह अपनी बहादुरी, वफादारी और प्रवीण युद्ध कौशल के लिये विख्यात है।
  - गोरखाओं का नाम पश्चिमी नेपाल के गोरखा साम्राज्य से उद्धृत हुआ है। गोरखा राजा **पृथ्वी नारायण शाह** (1743-75) ने नेपाल को एकीकृत किया और गोरखा शक्ति का विस्तार किया।
- **नृजातीयता:** गोरखा एक एकल जातीय समूह नहीं है अपितु इसमें नेपाल के पर्वतीय क्षेत्रों के गुरुंग, मगर, रईस, लिंबू और अन्य कई जातीय समूह शामिल हैं।
- **गोरखा रेजिमेंट:** क्रूर योद्धा के रूप में उनकी प्रतिष्ठा ने उन्हें विभिन्न सेनाओं, विशेषकर **ब्रिटिश**, **भारतीय** और **नेपाली** सेनाओं में सेवा करने के लिये प्रेरित किया।
  - **एंग्लो-नेपाल युद्ध** (1814-1816) के बाद, जिसे गोरखा युद्ध भी कहते हैं, अंग्रेज़ों ने गोरखाओं को ब्रिटिश सेना में भर्ती किया।
  - गोरखा रेजिमेंट एंग्लो-नेपाल युद्ध के बाद वर्ष 1815 से भारतीय सेना का हिस्सा रही है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

17.

उत्तर: A

व्याख्या:

**SpaceX का Fram2 मिशन:**

- NASA के **कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र** से **क्रू ड्रैगन कैप्सूल** के माध्यम से प्रमोचित किया गया SpaceX का **Fram2 मिशन**, ध्रुवीय कक्षा में पहला मानव मिशन है, जिसका उद्देश्य मानव शरीर पर अंतरिक्ष उड़ान के प्रभावों का अध्ययन करना है।
- STEVE (**स्ट्रॉन्ग थर्मल एमिशन वेलोसिटी एन्हांसमेंट) परिघटना** सहित ऑरोरल गतिविधि की निगरानी करना, मिशन का एक प्रमुख उद्देश्य है। **अत: कथन-I सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- ध्रुवीय कक्षा एक प्रकार की **निम्न भू कक्षा (200-1000 किमी. ऊँचाई)** है, जहाँ उपग्रह पृथ्वी के चारों ओर पश्चिम से पूर्व की ओर नहीं, बल्कि प्रमुख रूप से **एक ध्रुव से दूसरे ध्रुव की ओर** (सटीक ध्रुवीय कक्षा से 10 डिग्री तक विचलन हो सकता है) गमन करते हैं।
- **ध्रुवीय कक्षाएँ वैश्विक भूप्रेक्षण की दृष्टि से आदर्श हैं** क्योंकि वे संपूर्ण धरातल कवरेज प्रदान करती हैं। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।**

18.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- **भारतीय नौसेना** ने **द्विपक्षीय संयुक्त मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR)** जल-थल अभ्यास, **टाइगर ट्रायम्फ 2025** के **चतुर्थ संस्करण** का उद्घाटन किया।
  - **दो चरणों में आयोजित होने वाले इस अभ्यास का उद्देश्य** अमेरिका-भारत सामरिक समुद्री सहयोग को मज़बूत करना और उनकी रक्षा साझेदारी को सुदृढ़ करना है।
- **बंदरगाह चरण:** विशाखापत्तनम में आयोजित इस चरण में समुद्र आधारित प्रशिक्षण अभ्यास की योजना बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा तथा इसमें विशेष ऑपरेशनों तथा **वायु, समुद्री, साइबर और अंतरिक्ष** में मल्टी-डोमेन ऑपरेशनों पर सत्र शामिल होंगे।
  - साइबर और अंतरिक्ष विशेषज्ञों के साथ-साथ तीनों सेनाओं के **विशेष अभियान बल** इस अभ्यास में भाग लेंगे और **एयर-पोर्टेबल भीष्म चिकित्सा उपकरण** का प्रदर्शन करेंगे।
  - भारत और अमेरिका के बीच **अन्य संयुक्त अभ्यासों में युद्ध अभ्यास** (सैन्य), **कोप इंडिया** (वायु) और वज्र प्रहार शामिल हैं ।
- **अत: विकल्प B सही है।**

19.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- **वक्फ मुस्लिम कानून द्वारा मान्यता प्राप्त** धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिये चल या अचल संपत्तियों का स्थायी समर्पण है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसका तात्पर्य है कि एक मुस्लिम व्यक्ति द्वारा अपनी संपत्ति, चाहे वह चल हो या अचल, मूर्त हो या अमूर्त, ईश्वर को इस आधार पर दान कर दी जाती है कि इस हस्तांतरण से ज़रूरतमंदों को लाभ होगा।
  - वक्फ से प्राप्त आय से प्राय: शैक्षणिक संस्थानों, कब्रिस्तानों, मस्जिदों और आश्रय गृहों को वित्त पोषित किया जाता है।
- **भारत में वक्फ को वक्फ अधिनियम, 1995 द्वारा विनियमित किया जाता है** जो केंद्रीय और राज्य वक्फ बोर्डों की स्थापना का प्रावधान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **भारतीय न्यास अधिनियम, 1882** के तहत स्थापित न्यासों के विपरीत, जो व्यापक उद्देश्यों की पूर्ति कर सकते हैं और बोर्ड द्वारा भंग किये जा सकते हैं, वक्फ विशेष रूप से धार्मिक और धर्मार्थ उपयोग के लिये होते हैं और इन्हें स्थायी माना जाता है।

20.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- **संगम राजवंश:** इस राजवंश ने **विजयनगर साम्राज्य की स्थापना** की और **हम्पी को अपनी राजधानी** बनाकर 1336 से 1485 ई. तक शासन किया।
  - **देवराय प्रथम** राजवंश के एक प्रमुख शासक थे, उनके अलावा **हरिहर प्रथम, हरिहर द्वितीय** और **देवराय द्वितीय** थे।
  - **इतालवी यात्री निकोलो कोंटी ने देवराय प्रथम के दरबार में आया था। अत: कथन 1 सही है।**
- **विजयनगर साम्राज्य: हरिहर प्रथम और बुक्का राय प्रथम** द्वारा स्थापित साम्राज्य (1336-1646) **पर 4 राजवंशों** - **संगम, सलुव, तुलुव** और **अराविदु** का शासन था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- तालीकोटा के युद्ध (1565) में **दक्कन सल्तनत** द्वारा **विजयनगर साम्राज्य की निर्णायक हार** हुई, जिसके परिणामस्वरूप उसका पतन हो गया। **अत: कथन 2 सही है।**

21.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **ऑडिबल एन्क्लेव (AE) दो उच्च आवृत्ति तरंगों** का उपयोग करके निर्मित **ध्वनि के केंद्रित क्षेत्र** हैं, जो अलग-अलग रूप से अश्रव्य होते हैं, लेकिन अरैखिक अंत:क्रियाओं के माध्यम से **विशिष्ट स्थानों पर श्रव्य ध्वनि** उत्पन्न करते हैं।
  - इससे बाहरी व्यवधान के बिना **सटीक ध्वनि वितरण** सुनिश्चित होता है, **गोपनीयता और अनुकूलन** में वृद्धि होती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- हालाँकि, **ऑडिबल एन्क्लेव** और **पैरामीट्रिक ऐरे लाउडस्पीकर (PAL)** ध्वनि को **संकीर्ण किरणों** में केंद्रित करके इस समस्या का समाधान करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि **केवल लक्षित श्रोता ही इसे सुन सके।**
  - वायु में **सेल्फ विमॉड्यूलेट** होकर वे अवांछित प्रसार को रोकते हुए केंद्रित ध्वनि उत्पन्न करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

22.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **कन्नडिप्पया का शाब्दिक अर्थ मिरर मैट है, इसके अद्वितीय परावर्तक पैटर्न** से लिया गया है, जो दर्पण जैसा दिखता है।
- यह मैट **रीड** बाँस (*Teinostachyum wightii*) **की नरम परतों से बनाई गई है।**
- यह चटाई अपने **अनोखे गुणों** के लिये जानी जाती है, सर्दियों के दौरान गर्मी प्रदान करना और गर्मियों में शीतलता प्रदान करना।
- यह शिल्प मुख्य रूप से केरल के **ओराली, मन्नान, मुथुवा, मलायन** और **कादर जनजातीय समुदायों** द्वारा संरक्षित है।

23.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **ग्रीनलैंड:**
  - यह **विश्व का सबसे बड़ा द्वीप है, जो उत्तरी अमेरिका** और **यूरोप** के बीच **उत्तरी अटलांटिक महासागर** में स्थित है।
  - **इसमें वॉटकिंस रेंज और स्टॉनिंग आल्प्स** जैसी प्रमुख पर्वत शृंखलाएँ और **बोर्ग्लम और मेजरक** जैसी नदियाँ हैं।
  - इसकी **जलवायु आर्कटिक है,** जिसमें **80% से अधिक बर्फ (4 किमी. मोटी) है,** कठोर **शीत ऋतु (-50 डिग्री सेल्सियस), लघु ग्रीष्म ऋतु (10-15 डिग्री सेल्सियस)** और **2 महीने तक लगातार दिन का प्रकाश रहता है।**
  - यह **डेनमार्क साम्राज्य** के तहत एक **स्वायत्त क्षेत्र** के रूप में कार्य करता है, जिसमें **स्वशासन और अपनी संसद (*इनत्सिसर्टुत*) है।**
- **अत: विकल्प B सही है।**




24.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **ChaSTE (चंद्रा सरफेस थर्मोफिजिकल एक्सपेरीमेंट)** चंद्रयान-3 मिशन के लिये इसरो द्वारा विकसित एक स्वदेशी उपकरण है, जिसका उद्देश्य चंद्रमा की सतह और तापीय गुणों का अध्ययन करना है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- ChaSTE **जाँच में 10 तापमान सेंसर लगे हैं जो** इसकी सुई के साथ 1 सेमी की दूरी पर स्थित हैं तथा इसमें हथौड़ा चलाने की बजाय **घूर्णन आधारित तैनाती तंत्र है। अतः कथन 2 सही है।**
- ChaSTE **चंद्रमा सतह के नीचे तापमान को सफलतापूर्वक मापने वाला पहला उपकरण** बन गया, जिसने चांद के दक्षिणी ध्रुव से मूल्यवान थर्मल डेटा प्रदान किया। इस उपलब्धि ने चांद की खोज में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर साबित किया, खासकर चांद के दक्षिणी ध्रुव जैसे उच्च अक्षांश वाले क्षेत्रों में। **अतः कथन 3 सही है।**

**25.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- यह एक क्षेत्रीय संगठन है जिसमें बंगाल की खाड़ी के आसपास के **दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के देश** शामिल हैं, जिसका उद्देश्य आर्थिक सहयोग और विकास को बढ़ावा देना है।
  - इसकी स्थापना वर्ष 1997 में **बैंकॉक घोषणा** के माध्यम से की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- **बंगाल की खाड़ी के सभी तटीय देश बिम्सटेक का हिस्सा नहीं** हैं। जबकि बिम्सटेक में भारत, बांग्लादेश, म्याँमार, श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल और भूटान शामिल हैं, **चीन, मलेशिया और इंडोनेशिया** जैसे देश, जो बंगाल की खाड़ी क्षेत्र का भी हिस्सा हैं, **बिम्सटेक के सदस्य नहीं हैं। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- बिम्सटेक का स्थायी मुख्यालय नई दिल्ली, भारत में नहीं बल्कि, **ढाका, बांग्लादेश** में है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

## अंतर्राष्ट्रीय संबंध

**26.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**डिएगो गार्सिया:**

- यह **कोरल एटोल** और **चागोस द्वीपसमूह** का सबसे बड़ा द्वीप है, जो **भूमध्य रेखा से 7 डिग्री दक्षिण में स्थित है**। इसे **वर्ष 1967 में अमेरिका और ब्रिटेन** को पट्टे पर दिया गया था और **वर्ष 1986** में इसे एक सैन्य अड्डा बना दिया गया।
- वर्ष 2024 में, **ब्रिटेन** ने **चागोस द्वीप समूह की संप्रभुता मॉरीशस को हस्तांतरित करने पर सहमति व्यक्त की,** जबकि **डिएगो गार्सिया पर सैन्य अड्डे का नियंत्रण 99 वर्ष के पट्टे** के तहत बरकरार रखा।
  - यह निर्णय वर्ष 2019 में **अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ)** द्वारा **मॉरीशस के संप्रभुता** दावों का समर्थन करने वाले निर्णय के बाद लिया गया।
- **खाड़ी युद्ध, इराक और अफगानिस्तान युद्धों** तथा 9/11 के बाद के अभियानों में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है- जिससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र का सामरिक महत्त्व उजागर होता है।




- **अतः विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

## विज्ञान और तकनीक

27.

उत्तर: C

व्याख्या:

**एवियन इन्फ्लूएंजा:**

- **बर्ड फ्लू अथवा एवियन इन्फ्लूएंज़ा** एक अत्यधिक संक्रामक वायरल रोग है जो वन्य और साथ ही घरेलू प्रकार के पक्षियों को प्रभावित करता है। यह **एवियन इन्फ्लूएंज़ा A वायरस** के कारण होता है, जिसके उपप्रकार जैसे **H5N1** और **H5N8** विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- मानव पर इसका पहला संक्रमण **वर्ष 1997 (हांगकांग)** में दर्ज किया गया था।
    - इसके अधिकांश मामले एशिया में दर्ज किये गए और इसका कारण संक्रमित पक्षियों के साथ निकट संपर्क था।
- H5N1 मुख्य रूप से **संक्रमित जीवित अथवा मृत पक्षियों** अथवा **दूषित वातावरण** (जैसे, जीवित पक्षियों का बाज़ार) के साथ प्रत्यक्ष संपर्क होने के माध्यम से संचरित होता है।
    - **संक्रमित स्तनधारियों से मनुष्यों में संक्रमण दुर्लभ रूप से** पाया गया है। H5N1 को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) अनुसंधान और विकास (R&D) ब्लूप्रिंट के तहत प्राथमिकता वाले रोग के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - R&D ब्लूप्रिंट एक **वैश्विक रणनीति** और तत्परता योजना है जिससे महामारी के दौरान **R&D गतिविधियों को तेज़ी से सक्रिय करने की सुविधा मिलती है। इसका उद्देश्य प्रभावी परीक्षणों, टीकों और दवाओं की उपलब्धता को तेज़ी से बढ़ाना है** जिनका उपयोग जीवन की रक्षा करने और व्यापक स्तर पर संकट का मोचन करने हेतु किया जा सकता है।
- **H5N8 मुख्यतः पक्षियों को प्रभावित करता है, लेकिन यदा-कदा मनुष्यों** और अन्य जंतुओं को भी संक्रमित कर सकता है।
    - यह **पोल्ट्री में अत्यधिक संक्रामक है** और पोल्ट्री उद्योग में गंभीर आर्थिक नुकसान का कारण बन सकता है।
- आंध्र प्रदेश में बर्ड फ्लू वायरस से एक व्यक्ति की मृत्यु हुई, जो **वर्ष 2021 के बाद से भारत में H5N1 के कारण हुई दूसरी मानव मृत्यु है।**

28.

उत्तर: C

व्याख्या:

**ओलिव रिडले कछुए:**

- **परिचय:**
    - ओलिव रिडले कछुए विश्व में पाए जाने वाले **सभी समुद्री कछुओं में सबसे छोटे** और सबसे अधिक हैं।
    - ये कछुए **मांसाहारी** होते हैं और इनका पृष्ठवर्म ओलिव रंग (Olive Colored Carapace) का होता है जिसके आधार पर इनका यह नाम पड़ा है।
    - वे हर वर्ष भोजन और प्रजनन के लिये हज़ारों किलोमीटर की दूरी तय करते हैं।
    - ये कछुए अपने **अद्वितीय सामूहिक घोंसले (Mass Nesting)** अरीबदा (Arribada) के लिये सबसे ज़्यादा जाने जाते हैं, अंडे देने के लिये हज़ारों मादाएँ एक ही समुद्र तट पर एक साथ यहाँ आती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **पर्यावास:**
    - ये मुख्य रूप से प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागरों के गर्म जल में पाए जाते हैं।
    - ओडिशा के गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य को विश्व में समुद्री कछुओं के सबसे बड़े प्रजनन स्थल के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **संरक्षण स्थिति:**
    - **आईयूसीएन रेड लिस्ट:** सुभेद्य (Vulnerable)
    - CITES: परिशिष्ट-I
    - वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972: अनुसूची- 1

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME


29.

उत्तर: B

व्याख्या:

**ग्लोबल साउथ:**

- **ब्रांट लाइन** लगभग 30° उत्तरी अक्षांश पर **आर्थिक रूप से विकसित ग्लोबल नॉर्थ को विकासशील ग्लोबल साउथ से अलग** करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **ग्लोबल साउथ यूरोप** और **उत्तरी अमेरिका के बाहर के क्षेत्रों** को दर्शाता है, जो अधिकतर **निम्न आय** वाले और अक्सर **राजनीतिक** या **सांस्कृतिक** रूप से हाशिये पर हैं।
    - ग्लोबल साउथ में सामान्यत: **लैटिन अमेरिका, एशिया, अफ्रीका और ओशिनिया** के देश शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
    - **चीन** और **भारत ग्लोबल साउथ** के अग्रणी समर्थक हैं।
- **ग्लोबल साउथ** के देश **संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों** में **सबसे बड़े योगदानकर्त्ताओं** में से हैं, जो **संघर्ष-पश्चात क्षेत्रों** में स्थिरता प्रदान करते हैं।
    - **उदाहरण: कांगो** में भारत की उपस्थिति और **सोमालिया** में **अफ्रीकी संघ का शांति अभियान।**
- **ग्लोबल साउथ के नेतृत्व वाले शांति अभियानों को कानूनी अधिकार** और **अंतर्राष्ट्रीय वैधता** सुनिश्चित करने के लिये **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद** के अधिदेश की आवश्यकता होती है; इसकी अनुपस्थिति उनकी विश्वसनीयता को कम कर सकती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**




दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

30.

उत्तर: D

व्याख्या:

HALEU (उच्च परख निम्न संवर्द्धित यूरेनियम):

- HALEU प्राकृतिक रूप से उत्पन्न नहीं होता है; यह **यूरेनियम संवर्द्धन** के माध्यम से उत्पन्न होता है।
- **HALEU 5% से 20% U-235** के बीच संवर्द्धित यूरेनियम है। यह दृष्टिकोण भारत को **थोरियम का उपयोग जल्द शुरू करने में सक्षम** बनाता है, जिससे उसका **परमाणु ऊर्जा उत्पादन अधिक धारणीय** हो जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रयुक्त ईंधन का पुनर्चक्रण भारत के परमाणु क्षेत्र में **दीर्घकालिक स्थिरता और इष्टतम ईंधन उपयोग** सुनिश्चित करता है।
- भारत मौजूदा **700 मेगावाट दबावयुक्त भारी जल रिएक्टरों (PHWR)** में **उच्च परख निम्न संवर्द्धित यूरेनियम (HALEU)** और **थोरियम** के मिश्रण का उपयोग करके अपने परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को बढ़ा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- पुनर्प्रसंस्कृत सामग्री का उपयोग उन्नत रिएक्टरों जैसे कि **मोल्टेन साल्ट रिएक्टर (MSR)** में किया जा सकता है
- HALEU-थोरियम का उपयोग करके **दबावयुक्त भारी जल रिएक्टरों (PHWR)** से प्राप्त ईंधन को बहुमूल्य विखंडनीय सामग्री निकालने के लिये पुन:प्रसंस्कृत किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

## विज्ञान और तकनीक

31.

उत्तर: B

व्याख्या:

लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR):

- SMR उन्नत परमाणु रिएक्टर हैं जिनकी क्षमता **300 मेगावाट** तक है, जो **पारंपरिक रिएक्टरों का लगभग एक तिहाई** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ये **कॉम्पैक्ट होते हैं, कारखाने में निर्मित किये जा सकते हैं, तथा संस्थापना हेतु परिवहन योग्य हैं,** जिससे दूरदराज़ अथवा सीमित स्थान वाले क्षेत्रों के लिये ये उपयुक्त हो जाते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **उदाहरण:** NuScale (USA), CAREM (अर्जेंटीना)
- पारंपरिक संयंत्रों में **1-2 वर्षों की तुलना में** उन्हें प्रत्येक **3-7 वर्ष में ईंधनन की आवश्यकता** होती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- **केंद्रीय बजट 2025-26** में **स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टरों (SMR) के अनुसंधान और विकास** पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक **परमाणु ऊर्जा मिशन** शुरू करने की घोषणा की गई है और **वर्ष 2033 तक कम-से-कम 5 देशज रूप से डिज़ाइन किये गए और संचालन योग्य SMR** विकसित किये जाने की योजना बनाई गई है।

32.

उत्तर: B

व्याख्या:

उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019

- **परिचय:**
  - इस अधिनियम का उद्देश्य **ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करना** और उनके सशक्तिकरण के लिये **कानूनी ढाँचा** प्रदान करना है।
  - **ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम,** 2019 के अनुसार , ट्रांसजेंडर व्यक्ति वह व्यक्ति है **जिसकी लिंग पहचान जन्म के समय निर्धारित लिंग से मेल नहीं खाती।**
- **प्रमुख प्रावधान:**
  - **भेदभाव न करना:** शिक्षा, रोज़गार, स्वास्थ्य सेवा और सार्वजनिक सेवाओं में भेदभाव को प्रतिबंधित करता है।
  - **स्व-पहचान:** यह **स्व-अनुभूत लैंगिक पहचान का अधिकार** प्रदान करता है, जिसका प्रमाण-पत्र ज़िला मजिस्ट्रेट द्वारा **बिना मेडिकल परीक्षण** के जारी किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **चिकित्सा देखभाल:** बीमा कवरेज के साथ लैंगिक-पुष्टि उपचार (Gender-Affirming Treatments) और HIV निगरानी तक पहुँच सुनिश्चित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **राष्ट्रीय परिषद:** इस अधिनियम के तहत वर्ष 2020 में एक वैधानिक निकाय के रूप में **राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर व्यक्ति परिषद (NCTP)** की स्थापना की गई। **अतः कथन 3 सही है।**

## भूगोल

**33.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**फ्लोराइड:**

- यह एक **अत्यधिक प्रतिक्रियाशील तत्त्व** है जो प्रकृति में तात्त्विक रूप में नहीं पाया जाता है।
  - यह **भू-पर्पटी** में **0.3 ग्राम/किग्रा.** मात्रा में पाया जाता है तथा फ्लोरस्पार, क्रायोलाइट और फ्लोरापेटाइट जैसे खनिजों में फ्लोराइड (ऑक्सीकरण अवस्था -1) के रूप में पाया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका एल्युमीनियम उत्पादन में तथा **स्टील और ग्लास फाइबर उद्योगों में फ्लक्स** के रूप में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। इन्हें फॉस्फेट उर्वरकों, **ईंटों, टाइलों** और सिरेमिक के निर्माण के दौरान भी उपयोग में लाया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- फ्लोराइड के दोहरे प्रभाव होते हैं, यह अल्प मात्रा में लाभदायक होता है **(दंत क्षय से सुरक्षा)**, लेकिन अधिक मात्रा में हानिकारक होता है, जिसके कारण **दंत फ्लोरोसिस** (मुख्य रूप से बच्चों में दाँतों के इनेमल का धब्बेदार होना} और **कंकालीय फ्लोरोसिस** (अस्थि/जोड़ों की समस्याएँ) होता है।
  - **भारतीय मानक ब्यूरो** के अनुसार, जल में फ्लोराइड का सुरक्षित स्तर **1 से 1.5 मिलीग्राम/लीटर** (मिलीग्राम प्रति लीटर) है, इससे अधिक स्तर स्वास्थ्य के लिये खतरनाक माना जाता है।
- भारत ने 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान **राष्ट्रीय फ्लोरोसिस निवारण और नियंत्रण कार्यक्रम (NPPCF)** शुरू किया। इसके अतिरिक्त, **जल जीवन मिशन** का उद्देश्य सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करना है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**34.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**महाबोधि मंदिर:**

- **सम्राट अशोक** ने बोधि वृक्ष की पूजा की और **तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में महाबोधि मंदिर का निर्माण** कराया। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह मंदिर **पाल राजवंश** के दौरान एक बौद्ध स्थल बना रहा और **629 ई. में चीनी यात्री ह्वेन त्सांग** ने भी यहाँ का दौरा किया था।
  - 13वीं शताब्दी में **बख्तियार खिलजी के आक्रमण** के बाद इस क्षेत्र में बौद्ध धर्म का पतन हो गया।
- वर्तमान मंदिर **5 वीं -6 वीं शताब्दी ई. (उत्तर गुप्त काल)** का है; यह पूर्णत: ईंटों से बना है।
  - **1590 में एक हिंदू भिक्षु ने बोधगया मठ** की स्थापना की और मंदिर को हिंदुओं के नियंत्रण में ले लिया।
  - स्वतंत्रता के बाद, **BTA (वर्ष 1949)** ने हिंदू प्रमुख से नियंत्रण एक **साझा प्रबंधन समिति को हस्तांतरित** कर दिया। **अतः कथन 2 सही है।**
- **स्थापत्य विशेषताएँ:** शिखर, वज्रासन (डायमंड थ्रोन), चैत्यगृह, आमलक, कलश, नक्काशीदार वेदिकाएँ बुद्ध प्रतिमाएँ, वोटिव स्तूप।
- **सात पवित्र स्थलों में अनिमेषलोचन चैत्य, रत्नचक्र, कमल तालाब, अजपाल निग्रोध वृक्ष, रत्नघर चैत्य आदि** शामिल हैं, ये बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति के बाद के सात सप्ताह का प्रतीक है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

## इतिहास

35.

उत्तर: D

व्याख्या:

**बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय:**

- **8 अप्रैल** को **बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय** की पुण्यतिथि मनाई गई और 19वीं शताब्दी के दौरान भारतीय साहित्य, राष्ट्रवाद और **बंगाल** की सांस्कृतिक जागृति में उनके योगदान का स्मरण किया गया।
- **राष्ट्रवाद और साहित्य:** ***आनंदमठ*** (अंग्रेज़ों द्वारा प्रतिबंधित) जैसी कृतियों के माध्यम से, जिसमें **संन्यासी विद्रोह का वर्णन** है, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में अत्यंत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
  - भारत का राष्ट्र गीत, वंदे मातरम, **बंकिम के आनंदमठ** से लिया गया है, जो स्वतंत्रता आंदोलन का प्रतीक बन गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- ***राजमोहन्स वाइफ*** उनके द्वारा **अंग्रेज़ी** भाषा में लिखा गया पहला भारतीय उपन्यास था। **अत: कथन 2 सही है।**
- **बंगाल पुनर्जागरण में भूमिका:** बंकिम ने साहित्यिक पत्रिका **बंगदर्शन** (1872) की शुरुआत की, जिसका **बंगाली राष्ट्रवाद** को बढ़ावा देने में अहम योगदान रहा। **अत: कथन 3 सही है।**

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

36.

उत्तर: A

व्याख्या:

**केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB):**

- CPCB उद्योगों को उनके प्रदूषण सूचकांक (PI) के आधार पर वर्गीकृत करता है, जो हवा में उत्सर्जन, पानी में निर्वहन और खतरनाक अपशिष्ट के उत्पादन को ध्यान में रखते हुए उद्योगों की प्रदूषण क्षमता का मूल्यांकन करता है।
  - श्रेणियों में **रेड (PI > 80), ऑरेंज (55 ≤ PI < 80), ग्रीन (PI < 25)** और ब्लू (आवश्यक पर्यावरणीय सेवाओं के लिये) शामिल हैं।
- CPCB ने उद्योगों के लिये एक संशोधित वर्गीकरण प्रणाली शुरू की है, जिसमें **आवश्यक पर्यावरणीय सेवाओं** के लिये एक नई **"ब्लू कैटेगरी"** शामिल है, जिसका उद्देश्य अपशिष्ट प्रबंधन और जैव खनन जैसे क्षेत्रों को प्रोत्साहित करना है।
  - **ब्लू कैटेगरी** में लैंडफिल मेंटेनेंस, बायोमाइनिंग और वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट जैसे उद्योग शामिल हैं। पर्यावरण प्रबंधन के लिये प्रोत्साहन के रूप में उन्हें संचालन हेतु अपनी सहमति के लिये दो वर्ष का विस्तार मिलेगा।
    - उच्च पीआई (97.6) के बावजूद, अपशिष्ट-से-ऊर्जा संयंत्रों को उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली आवश्यक पर्यावरणीय सेवा के कारण "ब्लू कैटेगरी" में रखा गया है।
    - सीबीजी (संपीड़ित बायोगैस) संयंत्र, अपने फीडस्टॉक के आधार पर, **"ब्लू कैटेगरी"** की स्थिति के लिये भी पात्र हैं।
- केंद्रीय **प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB)** एक वैधानिक संगठन है, जिसका गठन जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत किया गया है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

## अर्थव्यवस्था

37.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY)** को MUDRA (सिडबी की एक सहायक कंपनी) द्वारा प्रबंधित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि क्षेत्र में छोटे व्यवसाय मालिकों के लिये ₹10 लाख तक के माइक्रो-क्रेडिट की सुविधा प्रदान करने पर केंद्रित है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉडयूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इसकी तीन श्रेणियाँ हैं:
  - **शिशु:** 50,000 रुपये तक का ऋण।
  - **किशोर:** ₹50,000 से अधिक और ₹ 5 लाख तक का ऋण।
  - **तरुण:** 5 लाख रुपए से अधिक और 10 लाख रुपए तक का ऋण।
  - **तरुण प्लस:** ₹10 लाख से ₹20 लाख के बीच के ऋण- यह उन उद्यमियों के लिये उपलब्ध हैं जिन्होंने पहले तरुण श्रेणी के तहत ऋण लिया है और सफलतापूर्वक चुकाया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**38.**

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

- **श्रीलंका के लिये भारत का महत्त्व:** भारत ने श्रीलंका के आर्थिक सुधार के लिये मज़बूत प्रतिबद्धता दिखाई है, उसने अभूतपूर्व **4 बिलियन अमेरिकी डॉलर** की सहायता प्रदान की है तथा IMF बेलआउट कार्यक्रम के लिये समर्थन का आश्वासन देने वाला पहला ऋणदाता है।
  - भारत श्रीलंका का **सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार, प्रमुख FDI स्रोत और शीर्ष पर्यटक योगदानकर्त्ता** है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - भारत ने प्रमुख बुनियादी ढाँचे और डिजिटल परियोजनाओं (जैसे आवास, कांकेसंथुराई बंदरगाह, डिजिटल आईडी) के लिये **अनुदान और रियायती ऋण** प्रदान किये। **अत: कथन 2 सही है।**
- **भारत के लिये श्रीलंका का महत्त्व:** प्रमुख **हिंद महासागर व्यापार मार्ग (पाक जलडमरूमध्य)** के निकट स्थित, श्रीलंका भारत की **समुद्री सुरक्षा और ऊर्जा जीवनरेखा** के लिये आवश्यक है।
  - भारत की **'नेबरहुड फर्स्ट' पॉलिसी** और **महासागर (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिये पारस्परिक और समग्र उन्नति) दृष्टिकोण** में श्रीलंका का केंद्रीय स्थान है।
  - **बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI)** और बंदरगाह विकास (जैसे, हंबनटोटा) के माध्यम से **चीनी रणनीतिक घेराबंदी** का मुकाबला करने में श्रीलंका एक बफर के रूप में कार्य करता है।
  - इसके अतिरिक्त, श्रीलंका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (वर्ष 2028-29) में अस्थायी सीट के लिये भारत की उम्मीदवारी का समर्थन किया है।
  - **BIMSTEC, हिंद महासागर रिम एसोसिएशन** जैसे क्षेत्रीय मंचों के सक्रिय सदस्य के रूप में, श्रीलंका क्षेत्रीय सहयोग में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## अंतरराष्ट्रीय संबंध

**39.**

**उत्तर:** A

**व्याख्या:**

**हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA):**

- **हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA)** एक **अंतर-सरकारी संगठन** है, जिसे **भारतीय महासागर से लगे देशों** के बीच आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने के लिये स्थापित किया गया है।
- **इंडियन ओशन रिम के आसपास के सभी संप्रभु देश** जो चार्टर के सिद्धांतों और उद्देश्यों का पालन करने के लिये सहमत हैं, वे इसकी सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं।
- **वर्तमान में इसके 23 सदस्य देश हैं:**
  - **ऑस्ट्रेलिया**, बाँग्लादेश, कोमोरोस, फ्राँस, भारत, **इंडोनेशिया**, ईरान, केन्या, मेडागास्कर, मलेशिया, **मालदीव**, मॉरीशस, मोज़ाम्बिक, ओमान, सेशेल्स, सिंगापुर, सोमालिया, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, तंजानिया, थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और यमन।
- **जर्मनी IORA का सदस्य नहीं है।**
- **अत: विकल्प A सही है।**

## भूगोल

**40.**

**उत्तर:** A

**व्याख्या:**

- **कश्मीर की कृषि-जलवायु** परिस्थितियाँ इसे देश के शेष भागों से विशिष्ट बनाती हैं। इस क्षेत्र की **दीर्घकालिक** और **अत्यधिक शीत ऋतु** के कारण वनस्पति प्रसुप्तावस्था अवस्था में हो जाती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इस पर्वतीय क्षेत्र पर **विभिन्न प्रकार के स्थानिक पौधे** पाए जाते हैं जिनमें **देशी बल्ब पुष्प, जड़ी-बूटियाँ, झाड़ियाँ** और **वृक्ष** शामिल हैं।
  - ये पुष्प प्रजातियाँ **घाटी की जैवविविधता** को बनाए रखने में **महत्त्वपूर्ण** भूमिका निभाती हैं।
- **कश्मीर में पौधों की विविधता** का मुख्य कारण इसकी विशाल **तुंगता संबंधी विविधताएँ** हैं। **अतः कथन I सही है।**
- घाटी में तुंगता भिन्नता के कारण ढाल मैदानों से लेकर अल्पाइन घास के मैदानों में विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों की संवृद्धि होती है, जिससे यह क्षेत्र एक पारिस्थितिक हॉटस्पॉट बन जाता है। **अतः कथन-II सही है।**
- **कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।**

## सुरक्षा

41.

उत्तर: A

व्याख्या:

**अभ्यास इंद्र 2025**

- **भारत और रूस** के बीच द्विपक्षीय **नौसैनिक अभ्यास इंद्र-2025 का 14वाँ** संस्करण **चेन्नई में** आयोजित किया गया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह **दो चरणों** में आयोजित किया गया:
  - **चेन्नई** में हार्बर फेज़, जिसमें **विशेषज्ञों का आदान-प्रदान, जहाज़ का दौरा और खेल** शामिल हैं।
  - **बंगाल की खाड़ी** में सी फेज़, जिसमें **सामरिक युद्धाभ्यास,** वायुरोधी संचालन और हेलीकॉप्टर लैंडिंग जैसे **उन्नत अभ्यास** शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस अभ्यास में **पेचंगा, रेज्की, अलदार त्सिडेंझापोव** जैसे रूसी जहाज़ों और भारतीय युद्धपोतों - **राणा, कुठार और P-8I एयरक्राफ्ट** ने भाग लिया।
- **वर्ष 2003** से नियमित रूप से आयोजित **अभ्यास इंद्र** का उद्देश्य **समुद्री खतरों का मुकाबला करना,** वैश्विक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देना और संयुक्त अभियानों को मज़बूत करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

42.

उत्तर: B

व्याख्या

**भारत का पहला "उच्च तुंगता वायुमंडलीय और जलवायु अनुसंधान केंद्र":**

- भारत ने जम्मू-कश्मीर के **नत्थाटॉप** में **हिमालयी उच्च तुंगता वायुमंडलीय और जलवायु अनुसंधान केंद्र** का उद्घाटन किया है, जो **वैश्विक जलवायु विज्ञान** की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह भारत का पहला उच्च ऊँचाई/तुंगता वाला वायुमंडलीय और जलवायु अनुसंधान स्टेशन है । **अतः कथन 2 सही है।**

**हिमालयी उच्च तुंगता वायुमंडलीय और जलवायु अनुसंधान केंद्र**

- **रणनीतिक अवस्थिति:** यह **केंद्र नत्थाटॉप** में समुद्र तल से **2,250 मीटर** की ऊँचाई पर स्थित है, जिसका निर्धारण इसकी **स्वच्छ वायु और न्यूनतम प्रदूषण** के कारण किया किया गया है।
  - जो इस केंद्र को **उच्च सटीकता वाले वायुमंडलीय और जलवायु माप** के लिये आदर्श बनाता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- **अनुसंधान क्षेत्र:** यह केंद्र मेघ निर्माण, एरोसोल अंतर्क्रिया और मौसम पैटर्न पर **अत्याधुनिक अध्ययन** की सुविधा प्रदान करेगा।
- **आइस-क्रंच:** इस उद्घाटन के साथ **भारत-स्विस संयुक्त अनुसंधान परियोजना,** आइस-क्रंच (**उत्तर-पश्चिमी हिमालय में हिम के न्यूक्लियेन कण और मेघ संघनन नाभिक गुण**) का शुभारंभ हुआ।
  - यह अध्ययन **आइस-न्यूक्लियेटिंग कणों (INP)** और **मेघ संघनन नाभिक** (ठोस/तरल रूप में सूक्ष्म निलंबित कण,) का अवबोधन करने पर केंद्रित है, जो इस क्षेत्र में जलवायु मॉडलिंग और वर्षा प्रतिरूप की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **महत्त्व:** इससे **जलवायु विज्ञान** के क्षेत्र में भारत का नेतृत्व सुदृढ़ होगा और इससे **वैश्विक जलवायु लक्ष्यों** को पूरा करने के प्रयासों में सहायता मिलेगी, जिसमें देश की **नेट-ज़ीरो उत्सर्जन ( वर्ष 2070 तक )** के प्रति प्रतिबद्धता भी शामिल है।

## कला और संस्कृति

43.

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

**दौलताबाद किला:**

- मूल रूप से **इसे देवगिरि ( देवताओं की पहाड़ी )** कहा जाता था। **14वीं** शताब्दी में **मुहम्मद बिन तुगलक** ने जब अपनी राजधानी यहाँ स्थानांतरित की तो इसका नाम बदलकर दौलताबाद कर दिया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह स्थल **यादवों, तुगलकों, बहमनी, निजामशाही, मुगलों** और **हैदराबाद के निजामों** से पहले **मराठों** सहित कई राजवंशों की राजधानी रहा है।
  - यह एक **यूनेस्को-नामांकित विरासत स्थल** है जो अपने ऐतिहासिक, वास्तुशिल्प और पारिस्थितिकी महत्त्व के लिये जाना जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **स्मारक एवं संरचनाएँ:**
  - **चाँद मीनार ( 1435 ई. ):** कुतुबमीनार के अनुरूप निर्मित इंडो-इस्लामिक शैली का विजय टॉवर।
  - किले के भीतर स्थित **भारत माता मंदिर, कुतुबुद्दीन मुबारक** के शासनकाल ( 1318 ई. ) के दौरान पहले जामा मस्जिद था।
  - **चीनी महल** ( एक भव्य महल) को औरंगजेब ने जेल में बदल दिया।
- **तोपखाना और तोपें:** यह किला **लगभग 288 तोपों से सुसज्जित** था इनमें एक उल्लेखनीय तोप **औरंगजेब की मेंढा** थी जिसे **किला शिकन ( किला तोड़ने वाला )** भी कहा जाता था, जो सैन्य शक्ति का प्रतीक थी।

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

44.

**उत्तर:** B

**व्याख्या:**

**जलवायु-लचीला बुनियादी ढाँचा:**

- **लॉस एंड डैमेज फंड ( LDF )** जैसे वित्तीय साधन **जलवायु लचीलापन, बेहतर कृषि पद्धतियों** और **नवीकरणीय ऊर्जा** संक्रमणों को वित्तपोषित कर **एशिया-प्रशांत देशों** को सहायता प्रदान करते हैं। प्रभावी अनुकूलन के लिये LDF का विस्तार करना महत्त्वपूर्ण है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत जलवायु अनुकूलन और शमन को एकीकृत करने के लिये **स्मार्ट सिटी मिशन** को **राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना ( NAPCC )** के साथ संरेखित कर सकता है।
  - भारत अपने NAPCC के साथ संतुलन हेतु **सक्रिय रूप** से **हरित वर्गीकरण** विकसित कर रहा है, लेकिन अभी तक इसके पास **कानूनी रूप से अनिवार्य हरित वर्गीकरण** नहीं है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - **"हरित वर्गीकरण"** एक वर्गीकरण की प्रणाली है जो **आर्थिक गतिविधियों** और **निवेशों को पर्यावरणीय रूप से धारणीय** रूप में वर्गीकृत करती है, जिससे निवेशकों और कंपनियों को सूचित निर्णय लेने और सतत् परियोजनाओं के लिये प्रत्यक्ष पूंजी बनाने में मदद मिलती है।
- **वर्ष 2006** में स्थापित, **मसदर सिटी** एक **उभरता हुआ वैश्विक स्वच्छ-प्रौद्योगिकी समूह** है, जिसका लक्ष्य **नवीकरणीय ऊर्जा** द्वारा संचालित **विश्व के सबसे सतत् शहरी विकास** में से एक बनना है।
  - **मसदर शहर** एक **विशेष आर्थिक क्षेत्र ( SEZ )** है जो अबू धाबी के मुख्य शहर क्षेत्र से लगभग 17 किमी दूर स्थित है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - शहर **शून्य अपशिष्ट, सतत् परिवहन,** भवन ऊर्जा दक्षता मानकों, जैवविविधता रणनीति नीतियों और नवीकरणीय ऊर्जा आवश्यकताओं पर केंद्रित नीतियों को संस्थागत रूप देने की योजना बना रहा है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

## अंतरराष्ट्रीय संबंध

45.

उत्तर: A

व्याख्या:

**ओटावा कन्वेंशन** 1997:

- यह एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जिसके अंतर्गत **नररोधी ( एंटी-पर्सनल ) लैंड माइन** के **उपयोग, उत्पादन, भंडारण और हस्तांतरण** को **प्रतिबंधित किया गया है। अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य **लैंडमाइंस** से होने वाले **नागरिक नुकसान** को कम करना है, जो संघर्ष समाप्त होने के बाद भी लंबे समय तक घातक बनी रहती हैं।
- भारत ओटावा कन्वेंशन, 1997 का **हस्ताक्षरकर्त्ता नहीं** है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- यह एंटी-पर्सनललैंड माइन पर प्रतिबंध लगाता है, लेकिन वाहन-रोधी लैंड माइन पर लागू नहीं होता।
- **पोलैंड, फिनलैंड** और तीन **बाल्टिक राष्ट्र ( एस्टोनिया, लातविया, लिथुआनिया )** वर्तमान में जारी **रूस-यूक्रेन युद्ध** के बीच **रूस से बढ़ते सुरक्षा खतरों** का हवाला देते हुए **वर्ष 1997** के **ओटावा कन्वेंशन** से अलग हो रहे हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

## भारतीय अर्थव्यवस्था

46.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **लोक ऋण** से तात्पर्य **सरकार द्वारा** अपनी विकासात्मक तथा राजकोषीय आवश्यकताओं के वित्तपोषण हेतु लिये जाने वाले ऋण से है। इसका भुगतान **भारत की संचित निधि** से किया जाता है और इसमें **आंतरिक तथा बाह्य दोनों प्रकार के ऋण** शामिल होते हैं।
- **विनिवेश** से तात्पर्य सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में सरकारी हिस्सेदारी की बिक्री से है और **परिसंपत्ति मुद्रीकरण** में धन जुटाने के लिये मौजूदा सरकारी स्वामित्व वाली बुनियादी संरचना (जैसे सड़क, रेलवे, आदि) को पट्टे पर देना या बेचना शामिल है।
  - ये गैर-ऋण पूंजी प्राप्तियाँ हैं, जिससे **उधार लेने की आवश्यकता कम** हो जाती है और इस तरह ऋण का बोझ कम हो जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **राजकोषीय घाटा** कुल व्यय और कुल गैर-ऋण प्राप्तियों के बीच का अंतर है। उच्च घाटे को पूरा करने के लिये **उधार लेने की आवश्यकता** होती है , जिससे **लोक ऋण** बढ़ता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **मूल्यवृद्धि** का अर्थ है कि रुपए का मूल्य अन्य मुद्राओं के सापेक्ष बढ़ता है। इससे बाहरी ऋण (जो विदेशी मुद्राओं में अंकित है) के **पुनर्भुगतान के बोझ** में कमी आती है, जिससे कुल ऋण बोझ को कम करने में मदद मिलती है। **अत: कथन 3 सही है।**
- **उच्च ब्याज दरें** सरकारी उधार को अधिक महँगा बनाती हैं क्योंकि ऋण सेवा लागत बढ़ जाती है। इससे कुल ऋण बोझ **बढ़** जाता है। **अत: कथन 4 सही नहीं है।**
- **अत: विकल्प A सही है।**

## विज्ञान प्रौद्योगिकी

47.

उत्तर: C

व्याख्या:

**एडिटिव मैन्यूफैक्चरिंग ( 3डी प्रिंटिंग )**

- एडिटिव मैन्यूफैक्चरिंग (AM) एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें **डिजिटल 3डी मॉडल** के आधार पर **सामग्री को क्रमिक रूप से जोड़कर** वस्तुओं का निर्माण किया जाता है।
- यह पारंपरिक विनिर्माण विधियों से भिन्न है जहाँ वांछित आकार बनाने के लिये सामग्री को हटा दिया जाता है (जैसे, काटना, ड्रिलिंग)।
- AM **न्यूनतम अपशिष्ट और अधिक डिज़ाइन अनुकूलन के साथ जटिल ज्यामिति के सटीक निर्माण** को सक्षम बनाता है जिससे यह एयरोस्पेस, स्वास्थ्य सेवा और उपभोक्ता वस्तुओं जैसे क्षेत्रों में एक परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी बन जाती है।
- **अत: विकल्प C सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

## पर्यावरण और पारिस्थितिकी

48.

उत्तर: B

व्याख्या:

**अगस्त्यमलाई बायोस्फीयर रिज़र्व:**

- अगस्त्यमलाई बायोस्फीयर रिज़र्व **पश्चिमी घाट** के दक्षिणतम भाग में **तमिलनाडु और केरल** तक विस्तृत है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **नीलकुरिंजी फूल**, जो हर 12 वर्ष में एक बार खिलता है, इस क्षेत्र में पाया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस क्षेत्र में **मूल समुदाय**, विशेष रूप से **कानी जनजाति** निवास करती है। **अत: कथन 3 सही है।**
- इस क्षेत्र में **सिंह-पुच्छी मकाक, बंगाल टाइगर, नीलगिरि मार्टन, नीलगिरि ताहर,** मालाबार स्पाइनी डोरमाउस, ग्रेट पाइड हॉर्नबिल, गौर (भारतीय बाइसन), स्लॉथ भालू पाए जाते हैं।

## विविध

49.

उत्तर: D

व्याख्या:

**भारत-पुर्तगाल संबंध:**

- भारत के राष्ट्रपति ने लिस्बन (पुर्तगाल) का 'सिटी की ऑफ ऑनर' प्राप्त किया, जो भारत और पुर्तगाल के बीच मजबूत संबंधों और सद्भावना को दर्शाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - यह लिस्बन शहर द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है, जो मेयर द्वारा समाज में योगदान या पुर्तगाल के साथ संबंधों को मान्यता देने के लिये दिया जाता है।
    - पुर्तगाल दक्षिण-पश्चिमी यूरोप में इबेरियन प्रायद्वीप पर स्थित है और इसमें मदीरा और अज़ोरेस के अटलांटिक द्वीपसमूह भी शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

## भूगोल

50.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **थार रेगिस्तान (द ग्रेट इंडियन डेजर्ट) की अवस्थिति:** यह भारतीय उपमहाद्वीप पर रेत की पहाड़ियों (Sand Hills) का एक शुष्क क्षेत्र है। यह **उत्तर-पश्चिमी भारत** (राजस्थान, गुजरात, पंजाब और हरियाणा) और **दक्षिण-पूर्वी पाकिस्तान** (सिंध और पंजाब प्रांत) में 200,000 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **भूगोल और जलवायु:** इसकी सीमा पश्चिम में **सिंधु नदी** के मैदान, उत्तर और उत्तर-पूर्व में पंजाब के मैदान, दक्षिण-पूर्व में **अरावली पर्वतमाला** और दक्षिण में **कच्छ के रण** से लगती है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - इस रेगिस्तान में **उपोष्णकटिबंधीय रेगिस्तानी जलवायु** पाई जाती है, जिसमें लगातार उच्च दबाव और अवतलन की स्थिति बनी रहती है।
- **मृदा संरचना:** रेगिस्तान की मृदा में रेगिस्तानी, लाल रेगिस्तानी, सिरोज़ेम, लाल और पीली, लवणीय, लिथोसोल और रेगोसोल शामिल हैं।
    - ये मृदा **मोटे बनावट वाली, अच्छी जल निकासी वाली, तथा कैल्शियम युक्त** होती है, जो विशिष्ट वनस्पति और कृषि के लिये सहायक होती है।
- **जैवविविधता:** यह अपेक्षाकृत समृद्ध जैवविविधता को बढ़ावा देता है, जिसमें **ब्लू बुल (नीलगाय), ब्लैकबक, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (GIB)** और **इंडियन गज़ेला (चिंकारा)** शामिल हैं।
    - **भारत के सबसे बड़े राष्ट्रीय उद्यानों** में से एक, **डेजर्ट नेशनल पार्क (राजस्थान)** यहीं स्थित है।
- **खनिज संसाधन:** यह रेगिस्तान में **विश्व के सबसे बड़े लिग्नाइट कोयला भंडारों** में से एक है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
    - यह **जिप्सम** और नमक (लवणीय झीलों- **सांभर** और **कुचामन** के साथ) से समृद्ध है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

## अंतर्राष्ट्रीय संबंध

51.

उत्तर: B

व्याख्या:

पनामा नहर:

- यह विश्व के **सामरिक रूप से दो सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कृत्रिम जलमार्गों** में से एक है, दूसरा **स्वेज नहर** है।
- यह **पनामा** के संकीर्ण इस्तमुस के माध्यम से **अटलांटिक और प्रशांत महासागर को जोड़ता है,** जिससे अमेरिका के पूर्वी और पश्चिमी तटों के बीच की दूरी **लगभग 8,000 समुद्री मील कम हो जाती है**।
- यह जहाज़ों को एक महासागर से दूसरे महासागर तक ले जाने के लिये **जलपाश (Locks) और जल एलीवेटर** की प्रणाली के उपयोग पर आधारित है।
  - क्योंकि **प्रशांत महासागर अटलांटिक महासागर की तुलना में थोड़ा अधिक ऊँचा (~ 20 सेमी)** है इसलिये यह डिज़ाइन आवश्यक हो जाता है।
  - ये जलपाश **जलप्लावन (ऊँचाई बढ़ाने के लिये)** अथवा **अपवाहन (ऊँचाई में कमी के लिये)** कर संचालित होते हैं और जहाज़ों को ऊपर उठाने या नीचे उतारने के लिये जल लिफ्ट के रूप में कार्य करते हैं।
- अमेरिका और पनामा ने एक नए **रक्षा और सुरक्षा समझौते का अधिकरण** पूरा किया है जिसका उद्देश्य **पनामा नहर** पर **चीन के बढ़ते प्रभुत्व को कम करना** है।
- चीन **पनामा नहर पर दो** प्रमुख बंदरगाहों का संचालन करता है, जिससे वैश्विक नौ परिवहन पर चीनी प्रभाव के बारे में अमेरिका की चिंता बढ़ गई है, **हालाँकि पनामा चीन का नियंत्रण होने** से इनकार करता है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

52.

उत्तर: C

व्याख्या:

ऑलिव रिडले (Lepidochelys olivacea):

- यह **सरीसृप वर्ग** और **चेलोनीडी कुल** से संबंधित है, यह समुद्री कछुओं की सबसे छोटी प्रजाति है, जो अपने **जैतून अथवा भूरे-हरे रंग** और हृदयाकार आवरण से पहचानी जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ऑलिव रिडले **सर्वाहारी** होते हैं और **अरिबाडा नामक** सामूहिक नीडन क्रिया करते हैं, जिसमें अनेकों मादा कछुए एक साथ नीडन करती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- वे प्रशांत महासागर से भारतीय सागर में 9,000 किमी. तक प्रवास करते हैं, दिसंबर से मार्च के बीच 1-3 बार नीडन करते हैं तथा प्रत्येक समूह में लगभग 100 अंडे देते हैं।
- **वे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची I के तहत** और वन्यजीव और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES) **के परिशिष्ट I के तहत** संरक्षित हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
- **ओडिशा** का गहिरमाथा और **रुशिकुल्या** ओलिव रिडले कछुओं के लिये विश्व के सबसे बड़े नीडन स्थलों में से हैं। वर्ष 2024 में, इन नीडन स्थलों पर 1.3 मिलियन से अधिक कछुओं ने अंडे दिये, जो वर्ष 2023 में 1.15 मिलियन के पूर्व रिकॉर्ड से भी अधिक था।
  - भारत में अन्य महत्त्वपूर्ण नीडन स्थलों में ओडिशा में देवी नदी का मुहाना और अंडमान द्वीप समूह शामिल हैं।

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

53.

उत्तर: C

व्याख्या:

परियोजना RE-HAB:

- **प्रोजेक्ट RE-HAB (मधुमक्खियों का उपयोग करके हाथी-मानव संघर्ष को कम करना)** का उद्देश्य हाथी और

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

मानव के बीच होने वाले संघर्ष और साथ ही प्रतिकारात्मक घात की संभावनों को कम करने के उद्देश्य से मधुमक्खी का बाड़ संस्थापित कर **हाथी-मानव संघर्ष की रोकथाम करना** है। **अत: कथन 1 सही है।**

- खाइयों या विद्युत की बाड़ों के विपरीत, **मधुमक्खी बक्से पर्यावरण अनुकूल एवं किफायती समाधान** प्रदान करते हैं जिससे संघर्ष क्षेत्रों के लिये बड़े पैमाने पर यह उपयुक्त बन जाते हैं।
- यह परियोजना **वर्ष 2021** में नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिज़र्व की परिधि के पास चार स्थानों पर शुरू की गई थी।

- **RE-HAB, खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC)** की एक पहल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **प्रोजेक्ट RE-HAB, KVIC के राष्ट्रीय शहद मिशन** के तहत एक उप-मिशन है। **अत: कथन 3 सही है।**

## इतिहास

**54.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ज्योतिराव फुले:**

- उनका जन्म **11 अप्रैल , 1827** को हुआ था और वह एक अग्रणी समाज सुधारक थे जिन्होंने **ब्राह्मणवादी रूढ़िवादिता** का विरोध किया, **दलितों और महिलाओं के अधिकारों** की मांग की और भारत में अनेक **सामाजिक न्याय आंदोलनों** की शुरुआत की।
- **समाज सुधार:**
  - **रूढ़िवादिता का विरोध:** फुले ने **जाति उत्पीड़न का विरोध किया, चिपलूणकर और तिलक** जैसे ब्राह्मणवादी नेताओं की **आलोचना** की और शोषितों तथा महिलाओं के उत्थान के लिये **अंग्रेज़ों का समर्थन किया**।
  - **जाति-विरोधी आंदोलन:** फुले ने जाति पदानुक्रम का उन्मूलन करने के लिये **सत्यशोधक समाज (1873)** की स्थापना की और **गुलामगिरी** में जाति उत्पीड़न की तुलना **अमेरिकी गुलामी** से की। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **वर्ष 1877** में **कृष्णराव पांडुरंग भालेकर** द्वारा शुरू किया गया मराठी साप्ताहिक समाचार पत्र, **दीनबंधु, सत्यशोधक समाज** के लिये एक अभिव्यक्ति मार्ग के रूप में कार्य करता था।
  - इसे ब्राह्मण शासन को पुन: स्थापित करने के लिये **उच्च जाति के प्रयास** के रूप में देखा गया।
  - **आर्थिक सुधार: जातिगत पदानुक्रम को समाप्त करने** के लिये निम्न जातियों के लिये **अनिवार्य शिक्षा** और आर्थिक उत्थान की वकालत की।
  - फुले और उनकी पत्नी **सावित्रीबाई ने वर्ष 1848 में भारत का पहला लड़कियों का स्कूल** खोला और बाद में पुणे में **श्रमिकों, किसानों तथा महिलाओं के लिये रात्रि विद्यालय (1855)** की शुरूआत की। **अत: कथन 2 सही है।**
- **तृतीय रत्न वर्ष 1885 में ज्योतिराव फुले द्वारा लिखित** एक मराठी भाषा का नाटक है। **अत: कथन 3 सही है।**

## भारतीय अर्थव्यवस्था

**55.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पंबन ब्रिज रेल मंत्रालय के अधीन **रेल विकास निगम लिमिटेड (RVNL) द्वारा डिज़ाइन** किया गया है **और इसे 100 वर्षों से अधिक समय तक** चलने के लिये बनाया गया है।
- यह **पाक जलडमरूमध्य में 2.07 किमी** तक फैला है तथा इसने **1914 के पंबन ब्रिज** की जगह ली है।
- इसमें **72.5 मीटर का ऊर्ध्वाधर लिफ्ट स्पान** है जो जहाज़ के गुजरने के लिये **17 मीटर ऊपर** उठता है।
  - **इसे दोहरी पटरियों** के लिये डिज़ाइन किया गया है। यह **भारी, तेज़ ट्रेनों** और सुचारू **रेल-समुद्री समन्वय** के अनुरूप है।
  - यह **गोल्डन गेट (अमेरिका), टॉवर (ब्रिटेन) और ओरेसंड (डेनमार्क और स्वीडन को जोड़ने वाले) पुलों** जैसे विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त पुलों को जोड़ता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **इसे अशांत जल, चक्रवात और भूकंपीय गतिविधियों** का सामना करने के लिये बनाया गया है।
  - **वर्ष 1964 की सुनामी** के दौरान एक यात्री रेलगाड़ी पुराने पंबनब्रिज से **बह गई** थी, **हालाँकि पुल ने स्वयं इस आपदा को सहन** कर लिया था।
- **पुराने पंबन पुल** का निर्माण **वर्ष 1911** में शुरू हुआ था और **वर्ष 1914** में इसे यातायात के लिये खोल दिया गया था। यह **भारत का पहला समुद्री पुल** था जिसे व्यापार के लिये बनाया गया था।
- **अतः विकल्प B सही है।**

## विज्ञान और तकनीक

**56.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अमोनिया:**

- **अमोनिया ($NH_3$) एक तीखी गंध वाली रंगहीन गैस** है, जिसका व्यापक रूप से उद्योग में उपयोग किया जाता है और यह **पर्यावरण और मानव शरीर** में प्राकृतिक रूप से पाई जाती है।
  - इसे उत्प्रेरक की उपस्थिति में उच्च तापमान और दबाव में **हैबर-बॉश प्रक्रम** ($N_2 + 3H_2 \longrightarrow 2NH_3$) द्वारा निर्मित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - इसका सांद्रित रूप **संक्षारक** होता है और **उच्च ताप पर जलने या विस्फोट का कारण** बन सकता है। इसे **संपीड़ित तरल** के रूप में संग्रहित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यह जल में **अत्यधिक घुलनशील** है और जल के संपर्क में आने पर **अमोनियम हाइड्रॉक्साइड** बनाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - इसमें **ली-आयन बैटरियों की तुलना में 9 गुना अधिक ऊर्जा घनत्व** है तथा **संपीड़ित हाइड्रोजन की तुलना में 3 गुना अधिक** है, जो इसे एक आशाजनक **कार्बन-मुक्त ऊर्जा वाहक** बनाता है। **अतः कथन 4 सही है।**

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

**57.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **कैलिफोर्निया** के तट पर विषाक्त **शैवाल प्रस्फुटन** के कारण **सी लॉयन अथवा जल सिंघों की प्रवृत्ति अत्यधिक आक्रामक हो गई** है, जिसके कारण वे मनुष्यों पर हमला कर रहे हैं।
  - **डोमोइक एसिड, डायटम Pseudo-nitzschia** द्वारा उत्पादित एक न्यूरोटॉक्सिन है जिसके कारण सी लॉयनों के मस्तिष्क के कार्य में परिवर्तन हो रहा है।
- **सी लॉयन:**
  - सी लॉयन (सील और वालरस सहित) **समुद्री स्तनधारी** जीवों के समूह से संबंधित हैं **जिन्हें पिनिपेड समूह** (फिन फूटेड समुद्री स्तनधारी) कहा जाता है।
  - वे **बड़े समूहों** में पाए जाते हैं और अपनी तीव्र **उग्र आवाज़** के लिये जाने जाते हैं।
  - वे अधिकांशतः समुद्र में रहते हैं, लेकिन **आराम करने, संभोग करने और पपिंग (संतति को जन्म देना)** हेतु किनारे पर आते हैं।
  - वे अधिकतर **प्रशांत महासागर** में पाए जाते हैं।
- **अतः विकल्प A सही है।**

## विज्ञान और तकनीक

**58.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **कैप्चा (Completely Automated Public Turing test to tell Computers and Humans Apart)** एक **चैलेंज-रिस्पॉन्स परीक्षण** है जिसका उपयोग **मानव उपयोगकर्त्ताओं से Bots को अलग करने** के क्रम में ऑनलाइन सुरक्षा बढ़ाने और उपयोगकर्त्ता डेटा की सुरक्षा के लिये किया जाता है।

The Vision

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **बॉट्स (Bots)** स्वचालित सॉफ्टवेयर प्रोग्राम हैं जो **रिपीटेटिव ऑनलाइन कार्य करने** पर केंद्रित हैं।
- यह **बॉट्स को ब्लॉक करता है, फर्जी अकाउंट, स्पैम** और डेटा चोरी को रोकता है, तथा यह सुनिश्चित करता है कि केवल मानव उपयोगकर्त्ता ही डिजिटल प्लेटफॉर्म तक पहुँच सकें।
- कैप्चा का उपयोग **लॉगिन, पंजीकरण, लेनदेन, टिप्पणियाँ, खाता पुनर्प्राप्ति** और **सर्वेक्षणों में बॉट को ब्लॉक करने** और उपयोगकर्त्ताओं को सत्यापित करने के लिये किया जाता है। **ReCAPTCHA बुक डिजिटलीकरण** में भी सहायक है।

- अन्य उपायों में **टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2FA)**, डिवाइस कोड के माध्यम से दूसरा सत्यापन स्तर, फिंगरप्रिंट या चेहरे की पहचान का उपयोग करके **बायोमेट्रिक सत्यापन, बॉट्स को ट्रैप करने के लिये हनीपॉट्स और व्यवहारिक बायोमेट्रिक्स** (जिसमें मनुष्यों को बॉट्स से अलग करने हेतु टाइपिंग या स्वाइप पैटर्न को ट्रैक किया जाता है) शामिल हैं।
- **अतः विकल्प B सही है।**

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

59.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सामान्य आंतरिक वायु प्रदूषक:**

- **फॉर्मेल्डिहाइड:** यह काष्ठ के उत्पादों, गोंद, पेंट और साज-सज्जा में पाया जाता है और एक ज्ञात **कैंसरकारी पदार्थ** है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **एस्बेस्टस:** यह भवन के **अग्निरोधी अथवा अदाह्य घटकों के निर्माण** में प्रयुक्त पुरानी निर्माण सामग्रियों में पाया जाता है; इसके संपर्क में आने से फेफड़ों से संबंधित गंभीर रोग हो सकते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **कार्बन मोनोऑक्साइड (CO):** अपूर्ण दहन से उत्पन्न एक विषाक्त **गंधहीन गैस। अतः कथन 3 सही है।**

## कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र

60.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कृत्रिम फलों को पकाने वाले परिष्कारक (Ripening Agents):**

- **कैल्शियम कार्बाइड:** यह **विषाक्त एसिटिलीन गैस विमोचित** करता है तथा इसमें **फास्फोरस** और **आर्सेनिक (एक कैंसरकारी पदार्थ)** हो सकता है, जो गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न कर सकता है।
  - खाद्य सुरक्षा और मानक विनियम, 2011 के तहत **FSSAI द्वारा इसके उपयोग पर प्रतिबंध** लगा दिया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **अनुमत पदार्थ:**
  - **एथिलीन गैस:** FSSAI द्वारा स्वीकृत **100 ppm (प्रति मिलियन भाग)** तक; प्राकृतिक रूप से पकने में सहायक। इसे **नियंत्रित पकने वाले कक्षों** में प्रयुक्त किया जाना चाहिये और फलों के **सीधे संपर्क में नहीं आना चाहिये। अतः कथन 2 सही है।**

## पर्यावरण और पारिस्थितिकी

61.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**नौवहन पर पहले वैश्विक कार्बन टैक्स को भारत का समर्थन**

- भारत और 62 अन्य देशों ने **संयुक्त राष्ट्र की शिपिंग एजेंसी, अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO)** द्वारा नौवहन उद्योग पर अधिरोपित **विश्व के पहले वैश्विक कार्बन टैक्स** के पक्ष में मतदान किया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **कार्बन कर ढाँचा:** यह कर ढाँचा वर्ष 2028 से प्रभावी होगा, जिसके तहत **5,000 सकल टन से अधिक भार वाले जहाज़ों** (जिनका अंतर्राष्ट्रीय नौवहन से उत्सर्जित कुल $CO_2$ में 85% का योगदान है) को या तो अधिक स्वच्छ ईंधन प्रौद्योगिकियों को

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

अपनाना होगा अथवा उत्सर्जन सीमा के आधार पर उत्सर्जित $CO_2$ के प्रति टन पर **100 से 380 अमेरिकी डॉलर** का शुल्क देना होगा। **अतः कथन 2 सही है।**

- इस कर से **वर्ष 2030 तक 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर** की धनराशि प्राप्त होने की उम्मीद है, जिसे समुद्री क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने में पुनर्निवेशित किया जाएगा लेकिन इसमें व्यापक जलवायु अनुकूलन के लिये कोई प्रावधान नहीं किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

## अंतरराष्ट्रीय संबंध

62.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- **सामाजिक सुरक्षा स्थिति रिपोर्ट विश्व बैंक द्वारा जारी की जाती है। इसके नवीनतम संस्करण के अनुसार निम्न और मध्यम आय वाले देशों (LIC और MIC)** में लगभग दो बिलियन व्यक्तियों के पास पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा का अभाव है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **विश्व सामाजिक सुरक्षा रिपोर्ट (WSPR) अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)** द्वारा जारी की जाती है।
  - **ILO** के WSPR 2024-26 के अनुसार, भारत का सामाजिक सुरक्षा कवरेज **वर्ष 2021** में **24.4%** से **दोगुना** होकर **वर्ष 2024 में 48.8%** हो गया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

## भूगोल

63.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

**वायुमंडलीय नदी:**

- वायुमंडलीय नदियाँ **नमी से परिपूर्ण वायु की लंबी, संकरी पट्टी** हैं जो उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों से मध्य और उच्च अक्षांशों तक जल वाष्प का परिवहन करती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - वायुमंडलीय नदी प्रायः **mT (समुद्री उष्णकटिबंधीय)** वायु द्रव्यमान से जुड़ी होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- जब ये नदियाँ तट पर आती हैं, तो वे इस **नमी को तीव्र वर्षा के रूप में विसर्जित** करती हैं, जो ऊँचाई और तापमान के आधार पर **वर्षण या हिमपात** के रूप में प्रकट हो सकती है।
- **"पाइनएप्पल एक्सप्रेस"** वायुमंडलीय नदी संबंधी तूफानों का एक प्रसिद्ध उदाहरण है जिससे अमेरिका के पश्चिमी तट (विशेष रूप से कैलिफोर्निया) पर भारी वर्षा होती है।

## रक्षा एवं सुरक्षा

64.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

**लंबी दूरी का ग्लाइड बम (LRGB) 'गौरव':**

- यह **स्वदेशी रूप से विकसित वायु-प्रक्षेपित परिशुद्धता-निर्देशित हथियार** है, जिसे दुश्मन की वायु रक्षा प्रणालियों की पहुँच से परे, **दूर स्थित भूमि लक्ष्यों पर सटीक हमला** करने के लिये डिजाइन किया गया है। यह **सतह से हवा में मार करने वाली हथियार प्रणाली नहीं** है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ग्लाइड बम एक **परिशुद्धता-निर्देशित बम** है, जो **वायुगतिकीय लिफ्ट** का उपयोग करके बिना **किसी शक्ति-संचालित प्रणोदन** के लंबी दूरी तक यात्रा करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसे **GPS, इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम (INS), या लेजर** जैसी प्रणालियों का उपयोग करके निर्देशित किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - **यह स्वदेशी रक्षा विकास** के साथ संरेखित होकर भारत की **सटीक हमला क्षमताओं को बढ़ाता है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

## मिश्रित

65.

उत्तर: A

व्याख्या:

**कवच प्रणाली:**

- यह भारत की स्वदेशी **स्वचालित ट्रेन सुरक्षा ( ATP ) प्रणाली** है जिसे लोको पायलट द्वारा कार्य करने में विफल होने पर ब्रेकिंग सिस्टम को **स्वचालित रूप से सक्रिय करके ट्रेन टकराव** को रोकने के लिये विकसित किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **कवच प्रणाली** के तहत ट्रेनों की स्थिति पर निगरानी रखने के लिये पूरे ट्रैक की लंबाई में **रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन ( RFID ) टैग** लगाना शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसके साथ ही तीव्र और कुशल डेटा संचरण सुनिश्चित करने के लिये पटरियों के साथ **ऑप्टिकल फाइबर केबल** बिछाना शामिल है।
- भारत में **विश्व का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क** है जो **65,000 किलोमीटर से अधिक लंबा** है तथा अनुमान है कि **वर्ष 2050 तक वैश्विक रेल गतिविधि में इसका योगदान 40%** हो जाएगा, जिससे धारणीय परिवहन तथा गतिशीलता में इसके महत्त्व पर प्रकाश पड़ता है।
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME